


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 172

ग्वालियर, बुधवार, 11 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### पेगासस मामले में पीएम मोदी चुप क्यों हैं, कांग्रेस नेता चिदंबरम ने सवाल किया

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इजराइली कंपनी एनएसओ के साथ कोई लेनदेन नहीं करने संबंधी रक्षा मंत्रालय के बयान पर कहा कि मामले पर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब दे सकते हैं, लेकिन वह चुप क्यों हैं। पूर्व गृहमंत्री ने ट्वीट किया,रक्षा मंत्रालय ने एनएसओ समूह के साथ किसी भी सौदे से इंकार किया है। अगर, रक्षा मंत्रालय सही है, तब एक मंत्रालय/ विभाग को जासूसी मामले से अलग कर देते हैं। लेकिन इसके बाद भी शेष आधा दर्जन संदिग्धों के बारे में क्या कहेंगे? चिदंबरम ने सवाल किया,सभी मंत्रालयों/ विभागों की ओर से केवल प्रधानमंत्री ही जवाब दे सकते हैं। वह चुप क्यों है?'' बात दें कि रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसने एनएसओ समूह के साथ कोई लेन-देन नहीं किया है। इजराइल के एनएसओ समूह ने सैन्य स्तरीय जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस विकसित किया है जो हाल के दिनों में विवादों में है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्य वी शिवदासन के एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

### तीन लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को कोरोना रोधी टीकों की पहली खुराक दी गई

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र की मोदी सरकार ने बताया कि पिछले हफ्ते तक तीन लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को कोरोना रोधी टीकों की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि सिर्फ 456 गर्भवती महिलाएं ही ऐसी हैं, जिन्हें टीकों की दोनों खुराक दी गई हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री भारती पवार ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,कोविन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक चार अगस्त 2021 तक कुल 3,05,938 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए हैं। इनमें से 3,05,482 लाभार्थी ऐसी हैं जिन्हें पहली खुराक लगी हैं वहीं 456 लाभार्थी ऐसी हैं जिन्हें दोनों खुराक दी जा चुकी हैं।'' पवार ने बताया कि इसी अवधि के दौरान अब तक कुल 91,104 खुराक ट्रांसजेंडरों को दी गई है। इनमें 77,457 लाभार्थियों को पहली खुराक दी गई है जबकि 13,647 लाभार्थियों को दोनों खुराक दी जा चुकी है।

### आतंकियों सुरक्षाबलों पर किया ग्रेनेड से हमला, पांच नागरिक घायल

**श्रीनगर ए)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के हरि सिंह हाई स्ट्रीट पर आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड से हमला किया।जानकारी के मुताबिक दोपहर 2बजकर 40 मिनट में संदिग्ध व्यक्ति ने एसएसबी के बंकर को निशाना बनाकर ग्रेनेड से हमला किया। हमले में पांच नागरिक घायल हुए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्रेनेड हमले में जख्मी हुए स्थानीय नागरिकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही ग्रेनेड हमला करने वालों की तलाश में इलाके में घेराबंदी की गई है। गौरतलब है कि शोपियां जिले में मंगलवार तड़के सीआरपीएफ के सड़क सुरक्षा दल पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, इसमें एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि क्रालचेक पर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के सड़क सुरक्षा दल पर हमला किया।

### जातीय जनगणना के बिना देश में ओबीसी को न्याय नहीं मिलेगा : जदयू

**नई दिल्ली (ए)।** जनता दल (यूनाइटेड) जदयू नेता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि देश में अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के कल्याण की दिशा में सरकार की नीयत साफ है, इसलिए सुधार की लगातार संभावनाएं बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में यह विधेयक लाया गया है जो स्वागत योग्य है। मंगलवार को केंद्र से जातीय जनगणना कराये जाने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा नहीं होता तब तक देश में अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के साथ न्याय नहीं हो पाएगा। लोकसभा में 'संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021' पर चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन 'जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी तब तक हम देश में ओबीसी को न्याय नहीं दिला पाएंगे। 1931 में जातीय जनगणना हुई थी और अब सरकार को 2022 में जातीय जनगणना करानी चाहिए।' जदयू सांसद ने कहा कि यह भ्रम है कि जातीय जनगणना के बाद आंकड़े आने से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ भेदभाव होगा। उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा है।

### नीरज नाम के लोगों के लिए अनोखी ऑफर 20 अगस्त तक गिरनार रोप वे में मुफ्त यात्रा

जूनागढ़ (ईएमएस)7 जूनागढ़ के गिरनार रोपवे संचालक उषा ब्रेको कंपनी ने अनोखी ऑफर का ऐलान किया है7 कंपनी के ऑफर के मुताबिक के ऑफर के मुताबिक जूनागढ़ के गिरनार रोप वे 20 अगस्त तक नीरज नाम का कोई भी व्यक्ति मुफ्त यात्रा कर सकेगा7 टोक्यो ऑलंपिक में नीरज चोपडा के भाला फैंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर कंपनी ने यह ऐलान किया है7 20 अगस्त तक नीरज कोई भी व्यक्ति गिरनार रोपवे में मुफ्त यात्रा सकेगी7 गौरतलब है कि टोक्यो ऑलंपिक में भाला फैंक स्पर्धा में नीरज ने शनिवार को दूसरे प्रयास में 87.58 मीटर भाला थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता है।

## शाह से मिले कैप्टन

# अमरिंदर ने कहा- 5 किसान नेताओं की जान को खतरा

### सीमा पार से किसानों को भड़काए जाने का भी अंदेशा

**जालंधर**

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मंगलवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब में पनप रहे ड्रोन जैसे ताजा खतरे, किसान आंदोलन और किसान नेताओं की सुरक्षा पर बात की। उन्होंने शाह से सेंट्रल फोर्स की 25 कंपनियां भी मांगी हैं। इनकी तैनाती जालंधर, अमृतसर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला, भठिंडा, फगवाड़ा और मोगा में करने के लिए कहा।

कैप्टन ने बताया कि प्रदेश के 5 किसान नेताओं की जान को खतरा है। ये नेता पंजाब और हरियाणा पुलिस की सिक्योरिटी लेने से इनकार कर चुके हैं। इसलिए केंद्र इन नेताओं की सुरक्षा का इंतजाम करे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। अब सीमा पार से किसानों को सरकार के खिलाफ भड़काया जा रहा है। उन्होंने गृह मंत्री से कृषि कानूनों को वापस लेने की भी गुजारिश की है। कैप्टन ने पाकिस्तान सीमा पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (क्चस्न) को एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी भी देने की मांग की।



### किसान नेताओं की जान खतरे में, इंटेलिजेंस एजेंसियों के पास इनपुट

कैप्टन ने शाह को जो जानकारियां दीं, उनमें सबसे अहम कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन में शामिल किसान नेताओं की जान को खतरा है। उन्होंने 5 किसान नेताओं के बारे में बताया, जिनके खतरे के बारे में खुफिया एजेंसियों के पास सटीक इनपुट हैं। इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इसके अलावा कैप्टन ने पंजाब में मंदिरों, RSS शाखा और ऑफिस, उनके नेता, भाजपा, शिवसेना नेताओं के साथ डेरा, निरंकारी भवन और समागमों को भी खतरा बताया। उन्होंने हाल ही में अमृतसर से मिली विस्फोटक सामग्री के बारे में भी बात की।

### किसानों को मुद्दा नहीं सुलझा तो बिगड़ेंगे हालात

कैप्टन ने अमित शाह से किसानों के भारी विरोध का कारण बने कृषि सुधार कानूनों को भी वापस लेने को कहा। उन्होंने कहा कि लंबे आंदोलन की वजह से सीमा पार से उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काया जा सकता है, इसलिए इस मुद्दे का जल्दी समाधान होना जरूरी है।

## हमारे युवाओं को सफल होने के लिए सही कौशल से लैस करें: नायडू

**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने नागरिकों के लिए सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने और उन्हें समय पर वितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की भी बात कही। उन्होंने नागरिक सेवाओं के वितरण के मौजूदा मॉडलों की समीक्षा करने और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जिलों से अच्छी प्रथाओं का अनुकरण करने का आह्वान किया। सरकारी कार्यक्रमों के लिए वितरण के महत्व को रेखांकित करते हुए श्री नायडू ने कहा, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की समय पर वितरण सुनिश्चित किए बिना सुधार का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) को भारत में प्रशासनिक बदलाव के सफर में निर्णायक क्षण करार दिया। श्री नायडू ने समावेशीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि विकास कार्यक्रमों का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष तौर पर सबसे कमजोर और हाशिए पर मौजूद लोगों तक पहुंचना चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने पिछड़े क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसी उल्लेखनीय योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने 2024 तक लगभग 20 करोड़ घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने संबंधी महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए सरकार की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने आज उपराष्ट्रपति निवास में एक्सेलरेटिंग इंडिया- 7 इयर्स ऑफ मोदी गवर्नमेंट पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि भारत स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मना रहा है और यह आम लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने के संवैधानिक वादे की प्रगति का मूल्यांकन करने का भी समय है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति या समुदाय के खिलाफ भेदभाव किए बिना सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार एक ऐसा संकल्प है जिसे हमने अपने गणतंत्र की शुरुआत में खुद के लिए किया है।



## राज्यसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस टीएमसी समेत अन्य विपक्षी दलों का हंगामा

### उच्च सदन में विपक्ष के हंगामे से नहीं हो पाया था शून्यकाल भी कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली(ए)।** पेगासस जासूसी विवाद और तीन केंद्रीय कृषि कानूनों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों के हंगामे की वजह से राज्यसभा की कार्यवाही आज मंगलवार को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सभापति ने कहा हंगामें के कारण संसद में हर दिन औसतन एक घंटे ही कामकाज हो पा रहा है।पहली बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर उपसभापति हरिवंश ने प्रश्नकाल आरंभ कराया और सवाल पूछने के लिए ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के एम थंबी दुरई का नाम पुकारा। इसी दौरान कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। हंगामे के बीच ही विद्युत मंत्री आरके सिंह ने जलविद्युत परियोजना से जुड़े कुछ सदस्यों के पूरक सवालों के जवाब दिए। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी तेज कर दी। हंगामे के बीच ही कुछ सदस्यों ने कैंसर, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े पूरक सवाल पूछे और संबंधित मंत्रियों ने उनके जवाब दिए। इस बीच, हंगामा कर रहे सदस्यों पर उपसभापति के आग्रह का कोई असर नहीं पड़ा। हंगामा थमते नहीं देख उन्होंने 12 बजकर करीब 30 मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले, आज भी शून्यकाल नहीं हो पाया था। सुबह, बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। आसन की अनुमति से संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। कुछ सदस्यों ने एक ही मंत्री द्वारा विभिन्न मंत्रालयों के दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने को लेकर आपत्ति जताई। इस पर सभापति ने कहा कि यह व्यवस्था कोविड-19 महामारी की वजह से की गई है और यह स्थायी व्यवस्था नहीं है। इसके बाद सभापति ने सदन को सूचित किया कि तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर राय, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, माकपा के इलामारम करीम तथा भाकपा के विनय विश्वम ने पेगासस मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए नोटिस दिए हैं।



उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार की ओर से सदन में बयान दिया गया था जिस पर सवाल और स्पष्टीकरण पूछे जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सदन में आज कृषि संबंधी समस्याएं और उनके समाधान के मुद्दे पर एक अल्पकालिक चर्चा निर्धारित है। उन्होंने कहा कि किसानों का मुद्दा बड़ा है, महत्वपूर्ण है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने पेगासस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

## सांसद अपने क्षेत्रों में खेलों की तरफ ध्यान दें : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रतिष्ठित टोक्यो ओलंपिक खेल स्पर्धाओं के समापन के बाद भारतीय खिलाड़ियों की स्वदेश वापसी हो चुकी है और उन्हें पांच सितारा अशोका होटल में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने सम्मानित किया। इसी बीच भाजपा की संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा दें। पीएम मोदी ने कहा कि क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों के प्रति भी जुनून पैदा हो। ऐसे में सांसद खेलों की तरफ ध्यान दें। भाजपा की संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बीच पीएम मोदी ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन करें। उन्होंने ने कहा कि मिशन मोड में काम करना जरूरी है। गौरतलब है कि टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने भारतीय अभियान में स्वर्णिम चमक डाली तो वहीं मीराबाई चानू और रवि दहिया ने रजत पदक जीते।

## भाजपा नेता और उनकी पत्नी की कायरना हत्या की केंद्रीय मंत्री नकवी की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली (ए)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की मुस्तैदी के चलते अब आंतकी कायराना हरकतों पर उतर आए हैं। यहां के अनंतनाग जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े एक सरपंच के घर में घुस आए और सरपंच एवं उसकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके साथ ही इस साल घाटी में भगवा दल के चार नेताओं की आतंकवादियों ने हत्या कर दी है। इस हत्या की हर तरफ निंदा हो रही है। उपराज्यपाल ने अपने ट्वीट में कहा कि सरपंच जीएच रसूल डार और उनकी पत्नी जौहरा बानू पर आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। यह कायरतापूर्ण कृत्य है और हिंसा के षड्यंत्रकारियों पर जल्द ही कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार से संवेदना जताता हूं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया कि मामले में त्वरित कार्रवाई होगी।



इसी को लेकर अब केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भी अपना बयान दिया है। नकवी ने कहा कि इस तरह के आतंकवादी अपनी आखिरी सांसें ले रहे हैं। जिन शैतानी ताकतों ने ये काम किया है उनको सूद ब्याज के साथ हिसाब किताब देना पड़ेगा। आपको बता दें कि आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में गुलाम रसूल डार और उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी।

## हाईकोर्ट की अनुमति के बिना वापस नहीं लिए जा सकते कानून निर्माताओं के विरुद्ध दर्ज मामले : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत आरोपी कानून निर्माताओं के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों को लोक अभियोजक, हाईकोर्टों की अनुमति के बिना वापस नहीं ले सकते। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने यह भी कहा कि वह नेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों की निगरानी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष पीठ की स्थापना पर भी विचार कर रही है। पीठ ने आदेश दिया कि सांसदों और विधायकों के विरुद्ध मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालतों के न्यायाधीशों का अगले आदेश तक स्थानांतरण नहीं किया जाएगा।

## 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर पहुंचे राहुल गांधी ने कहा, उनकी रगों में थोड़ी कश्मीरियत

श्रीनगर (ए)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दो दिनों के दौरे पर श्रीनगर पहुंचे हैं। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का यह पहला दौरा है। मंगलवार को उन्होंने नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने शक्तिपीठ क्षीर भवानी मंदिर में भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि उनकी रगों में थोड़ी कश्मीरियत है। राहुल गांधी ने कहा, हमारा परिवार दिल्ली में रहता है, उससे पहले इलाहाबाद में और उससे भी पहले कश्मीर में रहता था। मैं भी कश्मीरियत में विश्वास करता हूं।इसका थोड़ा सा हिस्सा मेरी रगों में भी है। हमने प्यार और जुड़ाव से कश्मीर को अलग तरीके से सुलझाने की कोशिश की लेकिन बीजेपी ने सभी अच्छे कामों को खत्म कर दिया है। हम जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोग आहत हैंज्मुझे प्यार और समझ का रिश्ता चाहिए।



राहुल गांधी ने कहा कि वहां बार-बार कश्मीर के दौरे पर आते रहने वाले हैं1 उन्होंने कहा, 'मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा और आपको राज्य का दर्जा दिलाने के लिए लड़ूंगा1 मैं जम्मू और लद्दाख का भी दौरा कर रहा हूं1 ये तो शुरुआत है1 मुझे दो साल पहले एयरपोर्ट पर रोका गया था, लेकिन मैं बार-बार आऊंगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र उन्हें कुछ गंभीर मुद्दे संसद में उठाने नहीं दे रहा।उन्होंने कहा, 'हमें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस मौके पर गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी गुलाम नबी आजाद के साथ मंच साझा किया।

**नासा की डराने वाली रिपोर्ट**

# ग्लेशियर पिघलने से भारत के 12 शहर 3 फीट तक पानी में डूब जाएंगे

### मैदानी इलाकों में भी तबाही आएगी

**नई दिल्ली**

धरती का तापमान बढ़ने से भारत में कैसी तबाही होगी, इसकी आशंका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अपनी एक रिपोर्ट में जताई है। यह रिपोर्ट करीब 80 साल बाद यानी 2100 तक की तस्वीर दिखाती है। इसमें कहा गया है कि समुद्र का जलस्तर बढ़ने से भारत के 12 तटीय शहर 3 फीट तक पानी में डूब जाएंगे। ऐसा लगातार बढ़ती गर्मी से ध्रुवों पर जमी बर्फ के पिघलने से होगा। इसका असर भारत के ओखा, मोरमुगाओ, कंडला, भावनगर, मुंबई, मैंगलोर, चेन्नई, विशाखापट्टनम, तूतीकोरन, कोच्चि, पारादीप और पश्चिम बंगाल के किडरोपोर तटीय इलाके पर पड़ेगा। ऐसे में भविष्य में इन इलाकों में रह रहे लोगों को यह जगह छोड़नी पड़ सकती है।

### नासा ने बनाया सी लेवल प्रोजेक्शन टूल

दरअसल, नासा ने एक सी लेवल प्रोजेक्शन टूल बनाया है। इससे समुद्री तटों पर आने वाली आपदा से वक्त रहते लोगों को निकालने और जरूरी इंतजाम करने में मदद मिलेगी। इस ऑनलाइन टूल के जरिए कोई भी भविष्य में आने वाली आपदा यानी बढ़ते समुद्री जलस्तर का पता कर सकेगा।

IPCC की रिपोर्ट के हवाले से चेतावनी

नासा ने इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (IPCC) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कई शहरों के समुद्र में डूब जाने की चेतावनी दी है। IPCC की ये छठी एसेसमेंट रिपोर्ट है। इसे 9 अगस्त को जारी किया गया था। यह रिपोर्ट क्लाइमेट सिस्टम और क्लाइमेट चेंज के हालात को बेहतर तरीके से सामने रखती है।

IPCC1988 से वैश्विक स्तर पर क्लाइमेट चेंज का आकलन कर रही है। यह पैनल हर 5 से 7 साल में दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति की रिपोर्ट देता है। इस बार की रिपोर्ट बहुत भयानक हालात की ओर इशारा कर रही है।



### समुद्र के साथ मैदानी इलाकों में मचेगी तबाही

रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2100 तक दुनिया का तापमान काफी बढ़ जाएगा। लोगों को भयानक गर्मी झेलनी पड़ेगी। कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण नहीं रोका गया तो तापमान में औसतन 4.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। अगले दो दशक में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। इस तेजी से पारा चढ़ेगा तो ग्लेशियर भी पिघलेंगे। इनका पानी मैदानी और समुद्री इलाकों में तबाही लेकर आएगा।

### कई देशों का क्षेत्रफल घट जाएगा

नासा के एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन ने कहा कि सी लेवल प्रोजेक्शन टूल दुनियाभर के नेताओं और वैज्ञानिकों को यह बताने के लिए काफी है कि अगली सदी तक हमारे कई देशों की जमीन कम हो जाएगी। समुद्री जलस्तर इतना तेजी से बढ़ेगा कि उसे संभालना मुश्किल होगा। इसके उदाहरण सबके सामने हैं। कई द्वीप डूब चुके हैं। कई अन्य द्वीपों को समुद्र निगल जाएगा।

### ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का असर

भारत सहित एशिया महाद्वीप पर भी गहरे प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर से बनी झीलों के बार-बार फटने से निचले तटीय इलाकों को बाढ़ के अलावा कई बुरे असर झेलने पड़ेंगे। देश में अगले कुछ दशकों में सालाना औसत बारिश में इजाफा होगा। खासकर दक्षिणी प्रदेशों में हर साल बहुत ज्यादा बारिश हो सकती है।

# क्षतिग्रस्त सिंचाई परियोजनाओं के पुनर्निर्माण के लिये मुख्यमंत्री चौहान से मिले मंत्री तुलसीराम सिलावट

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री को दी अतिवृष्टि से प्रभावित हुई जल संरचनाओं की जानकारी

## किसानों के कल्याण एवं उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है राज्य शासन मंत्री श्री सिलावट

**शिवपुरी।**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई सिंचाई संरचनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान को बताया कि ग्वालियर-चंबल अंचल में मुख्यतः श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, अशोकनगर, गुना, दतिया एवं अन्य जिलों की लगभग 660 लघु सिंचाई योजनाएं व 38 मध्यम एवं वृहद परियोजनाओं के बांध एवं नहर प्रणालियों में अत्यधिक क्षति हुई है। अतिवृष्टि से हुई क्षति के कारण लगभग 8 लाख हेक्टर क्षेत्र में रबी की सिंचाई प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि कृषि वर्ष के अनुसार कृषकों को रबी की फसल हेतु सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 15 अक्टूबर 2021 के पूर्व क्षतिग्रस्त नहरों एवं अन्य जल संरचनाओं की मरम्मत का कार्य पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि उनके द्वारा सम्पूर्ण अंचल में प्रत्यक्षतः भ्रमण कर स्थिति का अवलोकन किया गया है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के आधार पर अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त बांधों, नहरों एवं अन्य जल संरचनाओं की मरम्मत, पुनर्निर्माण एवं पुनर्स्थापन हेतु 816 करोड़ रूपये का आंकलन किया गया है। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को रबी की फसल हेतु समयावधि अंतर्गत पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्राक्कलन अनुसार धन राशि स्वीकृत करने तथा प्राथमिक आधार पर लगभग 300 करोड़ रूपये की राशि त्वरित रूप से स्वीकृत करने का अनुरोध किया।



*अतिवृष्टि से प्रभावित हुई सिंचाई परियोजनाएं*

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि अतिवृष्टि से बांधों एवं नहर प्रणालियों में अत्याधिक क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर-चंबल अंचल के अपर ककेटो, ककेटो एवं हर्सी बांध, आबदा बांध एवं महुअर बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में अतिवृष्टि होने से बांध के डाउनस्ट्रीम में निर्मित गाईड वाल, स्ट्रिलिंग बेसिन, वेस्ट वियर के फॉल इत्यादि क्षतिग्रस्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि इन बांधों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापन में लगभग 85 करोड़ रूपये का व्यय संभावित है। इसी तरह श्योपुर, मुरैना एवं भिण्ड जिलों के 3 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करने वाली चंबल नहर परियोजना सर्वाधिक रूप से प्रभावित हुई है। 169 किलोमीटर लंबी मुख्य सी.आर.एम.सी. लगभग 85 जगहों पर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसके अतिरिक्त डिस्टीब्यूटरी, माईनर एवं सबमाईनर नहरों में लगभग 20 प्रतिशत की क्षति हुई है। प्रारंभिक तौर पर 3200 किलोमीटर लम्बाई की नहर प्रणाली के सुधार कार्यो में लगभग 250 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि राजघाट नहर परियोजना की 244 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर अनेको स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिससे दतिया, भिण्ड एवं शिवपुरी जिलों में दो लाख एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूटरी माईनर एवं सबमाईनर नहरों में लगभग 15 प्रतिशत की क्षति हुई है। प्रारंभिक तौर पर नहर प्रणाली के सुधार कार्यों में लगभग 40 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि हर्सी नहर प्रणाली के क्षतिग्रस्त होने से ग्वालियर जिले की 66 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई प्रभावित होगी। प्रारंभिक तौर पर 500 किलोमीटर नहर प्रणाली के सुधार कार्यों में लगभग 25 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। इसी तरह महुअर नहर प्रणाली के क्षतिग्रस्त होने से शिवपुरी जिले की 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई प्रभावित होगी। प्रारंभिक तौर पर नहर प्रणाली के सुधार कार्यों में लगभग 20 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। सिंध एवं हसी उच्चस्तरीय नहर प्रणाली के क्षतिग्रस्त होने से शिवपुरी, दतिया एवं ग्वालियर जिलों की एक लाख तीन हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई प्रभावित होगी। प्रारंभिक तौर पर नहर प्रणाली के सुधार कार्यों में लगभग 15 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुए बांधों एवं नहरों तथा अन्य जल संरचनाओं की मरम्मत, पुनर्निर्माण एवं पुनर्स्थापन में लगभग 816 करोड़ रूपये का व्यय अपेक्षित है। कार्य की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए इन जल संरचनाओं की मरम्मत, पुनर्निर्माण एवं पुनर्स्थापन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाना है। इस हेतु प्राथमिक आधार पर लगभग 300 करोड़ रुपये की त्वरित आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त बांधों एवं नहरों से आने वाले समय में रबी की फसल हेतु किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करा पाना संभव नहीं हो सकेगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि राज्य शासन किसानों के कल्याण एवं समुचित उत्थान के लिये सदैव ही प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान से जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त जल संरचनाओं का त्वरित पुनर्निर्माण एवं पुनर्स्थापन हेतु आवश्यक राशि की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये मंत्री श्री सिलावट को शीघ्र ही आवश्कता अनुसार धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## वन-टू-वन



### जिला चिकित्सालय शिवपुरी में एक साथ 4 स्टाफ नर्सों ने किया ब्लड डोनेट

**शिवपुरी।** जैसे आप लोगों ने देखा होगा नारी शक्ति बहुत बड़ी शक्ति होती है जोकि काफी लोग सोचते हैं कि नारी शक्ति ब्लड नहीं दे सकती यही आज शिवपुरी हॉस्पिटल की स्टाफ नर्स जिसमें 4 नर्सो ने आज जरूरतमंद के समय पर ब्लड डोनेट किया है जिसमें मरीज अनूपी आदिवासी को बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी तो वही जरूरतमंद के लिए स्टाफ नर्स कुमारी छाया बड़वाने ने खुद की ड्यूटी पर रहते हुए भी उन्होंने ब्लड बैंक जाकर अनूपी आदिवासी को ब्लड बी पॉजिटिव डोनेट किया साथ ही तीन स्टाफ नर्स जिन्होंने थैलेसीमिया बच्चों को अपना अपना ब्लड डोनेट किया नारी शक्ति अनामिका, आंचल ,मोनिका और छाया ने ब्लड बैंक जाकर ब्लड डोनेट किया ये सभी नर्स जिला चिकित्सालय में कार्यरत है जय माई मानव सेवा समिति इन सभी स्टाफ नर्सों का नारी शक्ति रक्त वीरों का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान

### मड़ीखेड़ा बांध से अग्रवाल को हटाया, सहायक यंत्री बोराटे को दी जिम्मेदारी

**शिवपुरी।** मड़ीखेड़ा डैम शिवपुरी के प्रभारी कार्यपालन यंत्री एस के अग्रवाल को हटाकर सहायक यंत्री मनोहर बोराटे को जिम्मेदारी सौंप दी है। प्रमुख अभियंता मदनसिंह डावर ने सोमवार को तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत प्रभारी कार्यपालन यंत्री पक्का बांध मड़ीखेड़ा सहायक यंत्री एस.के अग्रवाल का तबादला बतौर कार्यपालन यंत्री प्रभार में राजघाट बांयी नहर डिस्नेट संभाग खनियाधाना किया है।

### साले की पत्नि को लेकर फरार हुआ 5 बेटियो का बाप, साथ में रूपए और गहने भी गायब

**शिवपुरी।** शहर के सिटी कोतवाली अंतर्गत आने वाले मनियर क्षेत्र में निवास करने वाली एक विवाहिता को उसका जीजा भगा ले गया। जीजा की 5 बेटिया हैं। विवाहिता घर से 95 हजार रूपए और सोने चांदी के जेवरात लेकर भी फरार हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनियर निवासी ओमप्रकाश शाक्य ने 4 दिन पूर्व कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नि सकुन उम्र 24 साल उसका ही सगा जीजा अमर सिंह पुत्र बादाम सिंह निवासी छिरेठा थाना सिरसौद की अपने साथ लेकर चला गया। पीडित का कहना हैं कि पत्नि उसकी अलमारी में रखे 95 हजार रूपए नगद और सोने चांदी का गहने भी अपने साथ लेकर गई हैं। इस घटना से ओमप्रकाश तो परेशान हैं साथ में उसकी बहन भी परेशान हैं क्यो कि उसकी 5 बेटिया हैं। अब उसकी बहन और बेटियो का क्या होगा।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय ग्वालियर में प्रवेश हेतु परीक्षा 17 अगस्त को

शिवपुरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रमोदय आवासीय विद्यालय ग्वालियर में प्रवेश हेतु परीक्षा 17 अगस्त को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक शा.उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक-1 शिवपुरी में आयोजित की जाएगी। श्रम पदाधिकारी एस.के.जैन ने बताया कि म.प्र. भवन एवं अन्?य संनिर्माण कर्मकार कल्?याण मण्?डल के हितग्राही, जिनके बच्चों ने संबंधित विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्?तुत किये है वे बच्चे समय से पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 06 अगस्त को शाम 4 बजे से विभाग की वेबसाइट http://www.shramodayvidyalay.mp.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते है। साथ ही परीक्षा से संबंधित विस्तृत विवरण भी इसी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# रा से यो का ITBP शिवपुरी के साथ व्रहद पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**शिवपुरी।**

शा कन्या महाविद्यालय शिवपुरी में Nss एव ITBP ने किया पौधरोपण उक्त जानकारी देते हुए रा से यो जिला संगठक डॉ एस एस खंडेलवाल ने बताया कि मंगलवार को शहर के शास कन्या महाविद्यालय शिवपुरी में एक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारतीय तिब्बत सिमा पुलिस दूरसंचार वाहिनी शिवपुरी के डी.आई.जी राजीव लोचन शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए । डी.आई.जी राजीव लोचन ने बताया कि आइटीबीपी को 30000 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने पिछले सप्ताह ही उनके साथ 200 पौधों का और पौधारोपण किया था एवं उनको रा से यो शिवपुरी का भरपूर योगदान प्राप्त हुआ है साथ ही महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एन.के जैन ने वृक्षों की महत्वता एवं वृक्षारोपण लगाने हेतु मुख्य बातों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की शरुवात वन्दे मातरम गान से हुआ ततपश्चात मंचासीन अतिथियों का रा से यो परंपरा अनुसार तिलक एवं बैच लगाकर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला संगठक डॉ एस.एस खंडेलवाल ने पौधारोपण के महत्व एवं उनके संरक्षण पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम में रा से यो एव ITBP के जवानों ने मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में लगभग 250 पौधरोपण किया एव रा से यो स्वयंसेवक ने उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन के जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम में संस्था कार्यक्रम अधिकारी प्रो रेणु राय सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एव स्वयंसेवक सहित रा से यो जिला शिवपुरी की कोर टीम उपस्थित थी कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग रा से यो जिला शिवपुरी के कोर ग्रुप का रहा । स्वयंसेवकों में निशा सोनी, पूनम, शालिनी सोनी, साक्षी गुप्ता, रेनू धाकड़, निहारती गोयल, प्रगति गोयल, मुस्कान जैन, प्रद्युम्न गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।




# बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचाई जा रही है आवश्यक सामग्री और भोजन



**शिवपुरी**

जिले में अतिवृष्टि के कारण आई आपदा से प्रभावित गांव को चिन्हित कर ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने नोडल अधिकारियों को इस व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। विभागीय अधिकारियों को समूह बनाकर गांव आवंटित किए हैं, ताकि उनके माध्यम से स्थानीय अमले और जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर तत्काल मदद पहुंचाई जा सके। जिला प्रशासन की टीम गांव में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पका भोजन, बच्चों के लिए बिस्कुट, दूध सहित राशन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचा रही है। प्रतिदिन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा स्थिति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आपदा की इस घड़ी में आपदा प्रभावित सभी गांव में पूरी टीम को सक्रिय रहना है। लोगों की जो आवश्यकता है और उनकी समस्याएं सुनना है। उन्होंने एसडीएम को भी निर्देश दिए हैं की सर्वे टीम गांव में पहुंचे। अपने क्षेत्र के पटवारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित करें।

# कांग्रेस ने बांटी बाढ़ पीड़ितों को राशन किट





**शिवपुरी**

मंगलवार को जिले के बिभिन्न क्षेत्रों से आकर बाढ़ पीड़ित प्रशासन के सामने गुहार लगाने कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुये पीड़ितों के बारे में जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष पं.श्रीप्रकाश शर्मा ने उन्हें फौरी तौर पर कुछ राहत की व्यबस्था करने के लिये कांग्रेस के पदाधिकारियों को निर्देश दिये जिस पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने राशन किट बनवाई जिसमें आटा, चावल, तेल, दालें,मसाले आदि उपलब्ध करा कर कांग्रेस के पदाधिकारी विजय चौकसे, चन्द्रकान्त शर्मा, नलिन पंडित, सरबन धाकड़, मोइन खान, शिवानी राठौर,कमल किशन,नरेन्द्र शर्मा डिघर्रा आदि के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जरूरतमंदों को राशन किट बितरित कीं तथा उनकी और भी मदद करने का आश्बासन दिया।

# बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए खाना, राशन और आवश्यक सामग्री पहुंचाई जाए : मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया





**शिवपुरी**

खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी भ्रमण पर हैं। उन्होंने सोमवार की शाम अधिकारियों के साथ बैठक की और बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पका भोजन, राशन आदि के वितरण की समीक्षा की। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि बाढ़ प्रभावित गांव में अधिकारी जायजा लें। जहां कहीं जरूरत है उन गांव में पका भोजन, राशन सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएं। राहत कार्य में इस समय सबसे जरूरी है लोगों के लिए समय पर भोजन की व्यवस्था हो, इसलिए पूरी टीम सक्रिय होकर काम करे। उन्होंने कहा है कि अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और गैर सरकारी संगठन आदि से भी सहयोग लें। जनप्रतिनिधि वालंटियर और अधिकारी मिलकर काम करें।बैठक में कलेक्टर कुमार सिंह जिला पंचायत सीईओ एचपी बर्मा अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सभी एसडीएम पटवारियों को निर्देशित करें

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बैठक में समस्त एसडीएम को निर्देश दिए हैं। सभी एसडीएम पटवारियों के साथ बैठक करें और उन्हें निर्देशित करें। आपदा प्रभावित गांव में टीम जाएगी और सर्वे करेगी। जिसकी क्षति हुई है उसकी जानकारी लेगी ताकि प्रभावित व्यक्ति को मदद दी जाएगी। जिनका मकान पूरी तरह नष्ट हो गया है उन्हें शासन से मदद दी जा रही है इसकी भी कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

**चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं**

# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी के ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के लिए पहुंचीं

**शिवपुरी**

मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी भ्रमण पर हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को शिवपुरी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने शिवपुरी के गांव पिपरसमा, तानपुर, लालगढ़, लोहादेवी, खोइया और करमाजकला का निरीक्षण किया और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने लालगढ़ ग्राम पंचायत में उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया और राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने दुकान संचालक को निर्देश दिए। गरीब परिवारों को नियमानुसार राशन का वितरण होना चाहिए। अभी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक हितग्राही को यह राशन मिलना चाहिए। गांव में कुछ इलाकों में बिजली की समस्या मिलने पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए हैं। खोइया और करमाजकला में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। अतिवृष्टि के कारण गांव करमाजकला में रेंपी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण गांव प्रभावित हुआ है। जिससे करमाजकला और आसपास का क्षेत्र प्रभावित हुए। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बताया कि सर्वे टीम द्वारा क्षति का सर्वे किया जा रहा है। टीम को निर्देश दिए गए हैं। टीम घर घर आकर सर्वे करेगी। ग्रामीण परेशान ना हो। उन्हें शासन द्वारा पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम, जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं कि सर्वे टीम सहानुभूति पूर्वक जानकारी एकत्रित करें और जिन लोगों के मकान पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं उन्हें राहत राशि देने की कार्यवाही शुरू की जाए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**बाढ के बाद बिजली को लेकर हाहाकार**

# दूसरी और बोनस को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल



**शिवपुरी**

शिवपरी जिले में एक और तो बाढ के बाद त्राहि त्राहि मची है। कई कॉलोनियों सहित गांवों में अभी तक विद्युत व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो पाई है। इसी बीच बिजली बिभाग में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी बोनस भुगतान मासिक वेतन के साथ नही करने को लेकर हडताल पर चले गए है। हडताल के दौरान म.प्र.म. क्षे.वि.वि.कं. लि वृत्त शिवपुरी में कार्यरत बाहय स्त्रोत कर्मियों को पूर्व में बोनस भुगतान मासिक वेतन के साथ किया जाता था,किंतु विगत तीन माह से बाहय स्त्रोत कर्मियो को मासिक वेतन में बोनस का भुगतान नहीं किया जा रहा है , जिससे बाहय स्त्रोत कर्मियों को आर्थिक क्षति हो रही है । समस्त बाहय स्त्रोत कर्मचारी नियमित कर्मचारीयों के साथ 12 घंटे कार्य करते है । अधिकांश बाहय स्त्रोत कर्मचारीयों पर उनका पूरा परिवार आश्रित है । ऐसे स्थिति में उनके परिवार के पालन पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो रहे है । अतः निवेदन है कि बाहय स्त्रोत कर्मचारीयों की दयनीय स्थितियों को देखते हुए तीन माह से लंबित एवं आगामी माह में मिलने वाले वेतन में भी बोनस का भुगतान हेतु निर्देशित करने की मांग की।

## वन-टू-वन

### पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह ने बाढ़ ग्रसित परिवारों के बीच पहुंचकर बांटा राशन व भोजन के पैकेट

**भिण्ड।** सिंध नदी में आए उफान से कई गांव तबाह हो गए। बाढ़ के पानी से कच्चे मकान ढह गए व पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जब लोगों को शासन प्रशासन से मदद मिलने में देरी हुई तो पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह स्वयं बाढ़ पीड़ितों के बीच गाड़ियों में सूखा राशन भरकर पहुंच गए। और प्रत्येक परिवार को राशन सामाग्री दाल, आलू, आटा, नमक, चावल वितरण किया। बाढ़ पीड़ितों के बीच जब राशन से भरी गाड़ियां पहुंची तो उनके जान में जान आ गई। प्रशासन को बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में देरी हो रही थी ऐसे में उन्हें दैनिक जीवन यापन के लिए भी परेशानी हो रही थी। क्योंकि प्राकृतिक आपदा ने ग्रामीणवासियों की फसल, गल्ला, जमा पूंजी को पूरी तरह बर्वाद कर दिया था। ऐसी स्थिति में उम्मीद की किरण बनकर पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह राशन की गाड़ियां भरकर बाढ़ पीड़ितों की बीच पहुंचे और उन्हें वितरण करवाया। साथ ही उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को सांत्वना दी कि शासन से जल्द से जल्द मदद दिलाने की पूरी कोशिश की जा रही है। पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह ने सिंध नदी के किनारे बसे गांव जखमोली, राजहंस का पुरा, खोंजरा सहित आधा दर्जन गांव में भोजन के पैकेट वितरण किए तो वही टेहनगुर में भोजन के पैकेट एवं सूखा राशन बांटा। पूर्व सांसद ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की जो समस्याएं सुनीं एवं उच्च अधिकारियों एवं विधायक संजीव सिंह से बात कर जल्द लोगों को आवास दिलाने के लिए कहा।

पूर्व सांसद के भाई एवं विधायक संजीव सिंह के चाचा ने संभाली अन्य गांव की कमान

पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह के भाई एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह के चाचा रविन्द्र सिंह कुशवाह ने द्वार, दाह का पुरा, ओझा, डुढ़ियन ग्रामों की कमान संभाली और बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर राशन वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह ने कहा कि विधानसभा सत्र प्रारंभ होने की वजह से मुझे भोपाल रहना पड़ रहा है लेकिन मैं लगातार बाढ़ पीड़ितों के सम्पर्क में हूं। मैं और मेरा परिवार और साथी मित्र बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर हर संभव मदद दिलाने का काम कर रहे हैं।

### आगामी नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर को न्यायिक अधिकारीगणो की बैठक सम्पन्न

**भिण्ड ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील कुमार दण्डौतिया के मार्गदर्शन में 11 सितम्बर, 2021 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु जिला न्यायालय भिण्ड में समस्त न्यायाधीशगण की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त न्यायाधीशगणो से विस्तृत रूप से चर्चा कर उनसे लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रेफर कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। इसी के साथ मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में भी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीड़ित प्रतिकर योजना का प्रचार-प्रसार कराये जाने एवं समस्त न्यायाधीषगण द्वारा पीड़ित प्रतिकर योजना के अधिक से अधिक मामले रेफर किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

### डंपर की टक्कर से वृद्ध की मौत

**भिण्ड।** मेहगांव थाना क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे एक डंपर चालक ने तेज व लापरवाही से चलाकर वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे चालक की मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात 9 बजे जगदीश पुत्र सुखदेव सिंह निवासी इटमा थाना करैया जिला ग्वालियर जो क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर हाइवे रोड भारत पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान डंपर क्रमांक आरजे 11जीबी 7554 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया

### 315 बोर कट्टा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** एंडोरी थाना क्षेत्र के गांव में पुराने थाने के पास एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उसके पास से एक 315 बोर कट्टा व कारतूस जब्त किये। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर 2 बजे बंटी उर्फ नारायण पुत्र छोटेसिंह सिकरवार निवासी एंडोरी जो क्षेत्र के पुराने थाने के पास किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया और उसके पास से एक 315 बोर कट्टा व राउंड बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के बंदा रोड पर सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला घायल हो गई थी, जिसे उपचार के लिए हॉस्पीटल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कैलाशी बाई पत्नी नत्थीलाल कड़ेरा उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्र.16 विगत 17 जुलाई 2021 दोपहर 3 बजे क्षेत्र के बंदा रोड पर महिला जा रही थी, इसी दौरान सड़क हादसे में वह घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# फ्रंट लाइन पर आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुटी पुलिस

## रौन थाना प्रभारी ने परेशान लोगों के बीच वितरित की खाद्य सामग्री



भिण्ड। जिले में हुई ताबड़तोड़ बारिश से तमाम स्थान बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, जिससे वहां के रहवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संकट की इस घड़ी में पुलिस प्रशासन फ्रंट लाइन पर आकर पीड़ितों की मदद में जुटी हुई है, जिसके चलते रौन थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित गांव निबसाई, रेमजा एवं मड़ैयान में पहुंचकर पीड़ित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की।

उल्लेखनीय है कि लगातार हुई मूसलाधार बारिश से जिले के कई गांव बाढ़ की चपेट में आने से लोगों के आगे खाने-पीने की समस्या पैदा हो गई है। पानी में घिरे लोगों को रेस्क्यू कर उनका जीवन बचाने वाली पुलिस संकट के इस दौर में उन्हें जीवन यापन की आवश्यक वस्तु भी उपलब्ध करवा रही है। इसी कड़ी में रौन थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव मंगलवार को अपनी टीम के साथ बाए प्रभावित ग्राम निबसाई, रेमजा व मड़ैयान पहुंचे, जहां उन्होंने रहवासियों से हाल-चाल जानकर उनके बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। यहां बताना गौरतलब होगा, कि बीते रोज भी जिले के पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा एकत्रित किए गए चंदे की राशि से बिस्कुट, दूध के पैकेट, साड़ी, चादर, बच्चों के कपड़े आदि का इंतजाम कर पुलिस अफसरों द्वारा उन्हें नयागांव थाना इलाके में सिंध नदी के किनारे बसे गांव द्वार, हार का पुरा, तेहनगूर व जख्मोली आदि बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर बांटा गया था। पुलिस के इस नए स्वरूप की जहां पीड़ित परिवारों द्वारा सराहना की जा रही है, वहीं आमजन में भी पुलिस की खासी सकारात्मक छवि बन रही है।



## स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क दवाइयो का किया वितरण

**भिण्ड।** सेवा ही संगठन अभियान को लेकर कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत प्राकृतिक आपदा से सिंध नदी के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सर्व समाज के लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया और उनको कोविड-19 से लेकर अन्य बीमारियों से बचने के लिए भी चिकित्सकों ने उपाय बताकर तीसरी लहर से बचने के लिए मास्क एवं घर पर रहने की सलाह दी और वही 2 गज की दूरी से रहने की भी उन्होंने सलाह दी।

## भाजपा नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जखमौली टेहनगुर में बाढ़ पीड़ितों के बीच बाटे भोजन के पैकेट



भिण्ड। भाजापा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जखमौली, टेहेंगुर दाह का पुरा दोनियापुरा ग्रामीण अंचलों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित पीड़ति परिवारों के बीच खाना के पैकेट वितरित किए। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि किक चंबल नदी के किनारे बसे ग्रामीण अंचल में पानी के बढ़ते हुए जल के प्रभाव के कारण लोग झुग्गी झोपड़ी बनाकर गरीब परिवार सब के लोग रह रहे थे ऐसे परिवारों के बीच जन सेवा भाव का काम करना मेरे लिए पहली प्राथमिकता है जो उनके बीच राहत कार्य चलाकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी उन्होंने वचन दिया और उनके बीच स्वयं जाकर भोजन के पैकेट ओं का वितरण किए। पूर्व विधायक कुशवाहा ने कहा कि चंबल नदी के किनारे गांव में कच्चे मकान पूर्ण से ध्वस्त हो चुके हैं उनके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आर्थिक राशि दिला कर उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे और 6000 की राशि भी शासन की योजना के तहत दिलाई जाएगी और उनका योजना का लाभ उन्हें मिले कई ऐसे पक्के मकान भी हैं जिन में दरार भी पड़ गई है उनकी मरम्मत के लिए भी शासन की योजना है।

## स्थायी ओर अस्थायी अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा



**गोरमी।** नगर गोरमी के वार्ड नं 9 स्थित बड़ी जग्गा के पीछे अंबेडकर मोहल्ला में किसानों के आने जाने का 40 फीट चौड़ा आम रास्ता जिस पर कुछ वर्ष पूर्व नगर पंचायत गोरमी ने सड़क का निर्माण भी कराया था। उस आम रास्ते को कुछ दबंगों ने स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण कर लिया है। इस अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय किसानों एवं रहवासियों ने कई बार नगर पंचायत गोरमी में भी आबेदन दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। इसलिये 10 अगस्त को गोरमी नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे को ज्ञापन दिया और कहाँ की आमरास्ते पर बनी 40 फीट की सड़क को घेरकर मात्र पांच फीट कर दिया है जिससे किसानों के ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों का निकलना मुश्किल हो रहा है। अतिक्रमणकारियों को तुरन्त नोटिस देकर हटाया जाये और जल्दी से जल्दी नई सीसी रोड डाली जाये जिससे किसानों एवं आमजनों को आने जाने में कोई परेशानी न हो। ज्ञापन देने वालों में में मुख्य रूप से हरिओम कटारे, सुंदर थापक, राधाचरण थापक, सुनील मिश्रा, कृष्ण कुमार थापक, आसाराम जाटव, रामजीलाल थापक, शिवकुमार पारासर, रामभरोसे भटेले, रामसेवक जाटव, फूल सिंह जाटव, मुरारी थापक, अशोक थापक, बजरंगी थापक, राहुल कटारे, बृज नारायण थापक आदि किसान एवं स्थानीय नागरिक शामिल है।

## किसान मित्र चयन हेतु आवेदन कृषि विकास कार्यालय में होंगे जमा

**भिण्ड ।** शासन के निर्णयानुसार जिले में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम 'आत्मा' योजना के तहत वर्ष 2021-22 में किसान मित्र का चयन किया जाना है। जिनके चयन हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार चयनित किसान बन्धुओं को पृथक कर नये सिरे से दो आबाद ग्रामों के मध्य एक कृषक का चयन किया जाना है। चयनित व्यक्ति कृषक मित्र का कार्य करेंगे। परियोजना संचालक आत्मा भिण्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में प्राप्त आवेदन जिसमें शासन के निर्देशानुसार न्यूनतम उम्र 40 वर्ष से घटाकर न्यूनतम उम्र 25 वर्ष का प्रावधान रखा गया है। पूर्व में प्राप्त आवेदन के साथ-साथ इच्छुक आवेदन कर्ता निर्धारित दिनांक तक आवेदन कर सकते है। विकास खण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवेदन फार्म जमा किये जायेंगे। किसान मित्र चयन हेतु आम सभा द्वारा ठहराव दिनांक 15 अगस्त 2021 में कराया जावेगा। फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक 25 अगस्त 2021 होगी। उक्त चयन प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सचिव एवं चयन समिति द्वारा पूर्ण कराई जावेगी।

## बाढ प्रभावित ग्रामों में नगरीय निकायों के द्वारा साफ-सफाई, फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिडकाव जारी




**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में बाढ प्रभावित ग्रामों में गंदगी और पानी में पनपकर लोगों में बीमारियों फैला रहे जानलेवा मच्छरों के खिलाफ नगरीय निकायों के द्वारा मलवा की साफ-सफाई, दवाइयों का छिडकाव, मच्छर का प्रकोप न बढे इस हेतु फोगिंग कराना, मृत पशु यदि हो तो उनका निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा मेहगांव के अमायन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामों में बाढ़ का पानी निकलने पर मलेरिया आदि रोगों से बचाव हेतु फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव नगरीय निकायों के माध्यम से किया जा रहा है। नगर पालिका भिण्ड के द्वारा अटेर के बाढ़ प्रभावित ग्राम मुकुटपुरा का रास्ता साफ कराया जा रहा है तथा बाढ प्रभावित क्षेत्रो में बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कराई जा रही है एवं फिनायल व पावडर डाला जा रहा है। नगरीय निकायों के द्वारा बाढ प्रभावित ग्रामों में मलवा की साफ-सफाई, दवाइयों का छिडकाव, मच्छर का प्रकोप न बढे इस हेतु फोगिंग कराना, मृत पषु यदि हो तो उनका निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणजनों को बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया गया एवं ग्रामीणजनों को बीमारियों से बचाव के लिए अन्य जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में शासन ने किया दोहरा मापदण्ड

### श्योपुर की तर्ज पर भिण्ड में गिरनी चाहिए अधिकारियों पर गाज

*भिण्ड। बीते दिनों श्योपुर में आयी बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ आक्रोशित बाढ़ पीड़ितों ने विरोध कर जमकर नारेबाजी की। उनकी गाड़ी पर कीचड़ उछाला। इसी प्रकार भिण्ड जिले में भी प्रशासनिक कर्मचारी पटवारी जब बाढ़ पीड़ितों की मदद भोजन के पैकेट बांटने पहुंचे तो भिण्ड और मेहगांव दोनों जगहों पटवारियों के साथ आक्रोशित बाढ़ पीड़ितों ने मारपीट कर दी। श्योपुर में आक्रोशित बाढ़ पीड़ितों को सांत्वना देने के लिए कलेक्टर और एसपी और सीएमएचओ पर गाज गिरा दी गई। जबकि भिण्ड में भी बाढ़ पीड़ित आक्रोशित हैं तो यहां पर एसडीएम और तहसीलदार जैसे प्रशासनिक अधिकारियों पर गाज गिरनी चाहिए। आक्रोशित बाढ़ पीड़ितों के सांत्वना देने के लिए एसडीएम और तहसीलदार का ट्रांसफर अथवा सस्पेंड करना चाहिए।*

# जिला प्रशासन द्वारा बाढ पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने हर संभव प्रयास किया जा रहा

## जिले में प्रति परिवार 50 किलो आटा, 4 किलो आलू एवं 1 किलो नमक प्रति प्रभावित परिवार को वितरित किया जा रहा है

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में जिले में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाने का कार्य लगातार शीघ्रता से किया जा रहा है। राज्य शासन की ओर से बाढ प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो आटा एवं जिला स्तर से 4 किलो आलू एवं 1 किलो नमक का पैकेट वितरित किया जा रहा है। जिला प्रषासन द्वारा बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में राहत पहुँचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम लिलवारी, ग्राम इंदुरखी, ग्राम धौहर, ग्राम परांयच, ग्राम निवसाई आदि में बाढ़ पीड़ित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो आटा, 4 किलो आलू एवं एक किलो नमक का पैकेट वितरित किया जा रहा है।




## बाढ़ पीड़ित सभी ग्रामों में कराया जा रहा है क्लोरिनेशन

**भिण्ड ।** भिण्ड जिले में बाढ़ आपदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी अपने कर्तव्य पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य में जुटा है। बारिश के समय सदैव ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्लोरिनेशन का कार्य तेजी से किया जाता है, ताकि मौसमी बीमारियां ना फैले, लेकिन इस बार आई जल विपदा के कारण विभाग दुगनी ताकत के साथ क्लोरिनेशन का कार्य कर रहा है। जिले में बाढ़ प्रभावित ग्रामों में हैंडपंपों के क्लोरिनेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रयासरत है कि शीघ्र ही सभी ग्रामों में क्लोरिनेशन का कार्य पूर्ण कर दिया जाए।



## चीन पर दबाव

भारतीय सेना द्वारा पूर्वी लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर अपने टैंकों की तैनाती शुरू करने के एक साल से अधिक समय के बाद अब टैंक रेजिमेंटों ने इस क्षेत्र में ऑपरेशन चलाने के लिए कमर कस ली है। इसके तहत इस रेजिमेंट के जवानों ने इस क्षेत्र में 14,000 फीट से 17,000 फीट की ऊंचाई पर अपनी मशीनों का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए अपनी मानक संचालन प्रक्रियाओं को और भी अधिक विकसित किया है। भारतीय सेना ने टी-90 भीष्म और टी-72 अजय टैंकों के साथ-साथ रेगिस्तान और मैदानी इलाकों में तैनात बीएमपी सीरीज इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स को भी इन ऊंचाई वाले स्थानों में बड़े पैमाने पर लाना शुरू कर दिया है। भारतीय सेना की यह कार्रवाई ऐसे समय हो रही है, जब 12वें दौर की बातचीत के बाद दोनों देशों ने सेनाएं पीछे हटाने का काम शुरू किया है। आज भारत के दबाव में चीन भले ही पीछे हट रहा हो, मगर उस पर एकदम से भरोसा नहीं किया जा सकता। वह कभी भी पलटवार कर सकता है। ऐसा हमने बीते एक साल में देखा है। भारतीय सेना ने पिछले साल टैंक शेल्टर सहित टैंक संचालन को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ा बुनियादी ढांचा बनाया है जिससे कि सर्दियों के दौरान मशीनों को खुले में रखने से बचाव होगा। अब सेना इन टैंकों के रखरखाव पर जोर दे रही है, क्योंकि अत्यधिक सर्दियां रबर और अन्य भागों पर प्रभाव डाल सकती हैं। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के फिंगर क्षेत्र और गालवान घाटी जैसे स्थानों पर चीनी सेना के आ जाने के बाद भारतीय सेना ने बड़ी संख्या में जवानों और मशीनों को शामिल करना शुरू कर दिया था। वहीं क्षेत्र में भारतीय सेना की सख्त कार्रवाई ने चीनियों को आक्रामक तरीके से आगे बढने् से रोक दिया और इस प्रकरण में गलवान नदी घाटी में हिंसक झड़पें देखी गईं। हालांकि, अब 15 महीनों से तनातनी के माहौल में एक-दूसरे के आमने-सामने खड़ी भारत और चीन की सेनाओं का अब अपनी-अपनी जगहों पर लौट आना एक महत्वपूर्ण घटना है। दोनों देशों के उच्च अधिकारियों के बीच बारहवें दौर की हुई बातचीत के बाद इस पर सहमति बनी। यह बातचीत और घटनाक्रम इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है कि न सिर्फ दोनों देशों ने अपनी सेनाएं वापस बुला ली हैं, बल्कि उस इलाके में बनाए सभी अस्थायी निर्माण भी हटा लिए गए हैं। लेकिन दिल्ली से सेना को साफ संकेत मिले हैं कि सेना पीछे की जाए, निगरानी में कोई कमी न रहे। पिछले छह महीनों में दोनों देशों के बीच यह दूसरा कदम है, जब उन्होंने अपनी सेनाओं को पीछे लौटने को कहा। फरवरी में पैंगोंग त्सो झील के दोनों छोरों पर से इसी तरह तनातनी समाप्त की गई थी। हालांकि अब भी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कम से कम चार जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। उनमें देपसांग और हॉट स्प्रिंग को ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। चीन ने उन क्षेत्रों से अपनी सेना हटाने से मना कर दिया है। मगर गोगरा से सेना हटाने के ताजा फैसले से उम्मीद बनी है कि उन बिंदुओं पर भी सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। पिछले साल गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प होने की वजह से तनाव काफी बढ़ गया था। उसमें दोनों तरफ के कई सैनिक मारे भी गए थे, जिसे लेकर स्वाभाविक ही दोनों देशों के बीच रोष बढ़ गया था। खासकर भारत सरकार पर दबाव बनना शुरू हो गया था कि वह अपना नरम रवैया छोड़ कर चीन के साथ कड़ाई से पेश आए। चीन ने भी उस इलाके में अत्याधुनिक हथियारों से लैस अपने सैनिकों की संख्या बढ़ानी शुरू कर दी थी। वह भारत के हिस्से वाले क्षेत्र में काफी अंदर तक घुस आया था।

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर उदासीन संसद

**रघु ठाकुर**

जून माह में जम्मू के भारतीय सैन्य अड्डे पर आतंकवादियों ने ड्रोन से हमला कर कई विस्फोट किये थे। यद्यपि इन विस्फोटो से कोई क्षति विशेष नहीं हुई परन्तु आतंकवादियां द्वारा भारत की सीमा पर इस नये प्रयोग को लेकर सैन्य अधिकारियों और सुरक्षा अधिकारियों में चिंता व्यापत है। बताया गया है कि ये आतंकवादी पाकिस्तानी आतंकवादी है, जिन्होंने पाक सीमा से ड्रोन को भारतीय सीमा और सुरक्षा स्थल पर प्रवेश कराया था। चूंकि ड्रोन चालक विहीन विमान और आकार में भी छोटा होता है अत~ इससे आतंकवादियों को जोखिम विहीन हमले करने का अवसर प्राप्त होता है। वैसे तो मेरी राय में यह कहना भी अभी मुमकिन नहीं है कि यह आतंकवादी हमला था या फिर पाकिस्तानी हुकूमत या पाक सेना का सुनियोजित प्रयास। अगर इसके पीछे सरकार और पाक सेना की भूमिका नहीं होती तो पाकिस्तानी सीमा से ड्रोन का प्रवेश संभव नहीं था। अगर इन आतंकवादियों को पाक हुकूमत और सेना का संरक्षण नहीं मिला होता तो ये ड्रोन भारतीय सीमा में प्रवेश ही नहीं कर सकते एवं पाक सीमा सुरक्षा बल ही इन्हें गिरा देता। यह आश्चर्यजनक है कि इस ड्रोन आतंकवाद के नये प्रयोग पर सैन्य क्षेत्रों में जो भी हलचल हुई हो परन्तु भारत के समाज में और विशेषत~ राजनैतिक क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय या चिंताजनक पीड़ा देखने या सुनने में नज़र नहीं आई। इस गंभीर सवाल को जो राष्ट्र की सुरक्षा से संबंधित है हिन्दुस्तान की संसद में भी चर्चा या कोई स्थान नहीं मिला और हर दिन छोटे मोटे गैर जरूरी प्रश्नों पर खत्म हो जाने वाली संसद इतने बड़े राष्ट्रीय महत्व के प्रश्न पर अभी तक तो तटस्थ ही रही है। जम्मू कश्मीर की इस सीमा उल्लंघन और विस्फोट के बाद दो तीन अन्य स्थानों पर भी विशेषत~ पंजाब की सीमा में भी ड्रोन की घुसपैठ हुई है। यद्यपि वहां विस्फोट नहीं हुये परंतु संभव है कि ड्रोन के माध्यम से छोटे या गुप्तचरी कैमरे के द्वारा भारत की सुरक्षा सूचना प्राप्त की गई हो। और यह भी कम चिंता का विषय नहीं है। अगर ड्रोन भारतीय सीमा में इस आसानी से प्रवेश कर सकते है तो किसी दिन वे बड़े विस्फोट, आणविक, परमाणुविक माध्यम भी बन सकते है।

घुसपैठ तो देश में आतंकवादियों की पहले भी होती रही है परन्तु शारीरिक घुसपैठ उतनी चिंताजनक नहीं होती जितनी ड्रोन घुसपैठ। कारगिल में आतंकवादियों ने सशरीर घुसपैठ की थी जिसका कठिन परिस्थितियों में जमीनी मुकाबला भारतीय सुरक्षा बलों ने किया था, भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से भारी संख्या में अधिकारियों और सैन्य लोगों की मृत्यु को सहकर आतंकवादियों को न केवल रोका था बल्कि उन्हें पराजित भी किया था। वह तो उस समय अंतर्राष्ट्रीय दबाव में अटल जी की सरकार ने घुसपैठियों को स्पेसिफिक के नाम पर वापिस जाने की सुविधा नहीं दी होती तो शायद वह एक नये इतिहास का आधार बनती। कारगिल घुसपैठियों के वे संदेश भी सेना के पास सुरक्षित होगे जिनमें वे अपने आकाओं को संदेश भेज रहे थे कि हमारा गोला बारूद खत्म हो चुका है और जान खतरे में है। अब दुनिया में युद्ध की मानव विहीन तकनीक सामने आयी है। जिसमें ड्रोन, यू.ए.बी. और गाईडिड मिसाइल शामिल है। ये तरीके मानवता को नष्ट करने के माध्यम बन सकते है। पिछले दिनों यमन में बैठकर उग्रवादियों ने सऊदी अरब के तेल संयंत्र उड़ा दिये थे। 14 सितम्बर 2019 को सऊदी अरब की आरामको तेल कंपनी पर ड्रोन हमला किया गया था जिससे ये दो बड़े तेल उत्पादक संयंत्र नष्ट हो गये थे और दुनिया का आधा तेल उत्पादन लगभग नष्ट हो गया था। जिसके परिणामस्वरूप दुनिया में कच्चे तेल का वितरण भी कम हुआ था और कच्चे तेल के दामों में एक दम आग लग गई थी। इस आतंकवादी हमले का कारण यमन के आतंकवादी संगठन ने यह बताया था कि सऊदी अरब यमन के गृह युद्ध में दखल दे रहा है। इस हमले में हूती उग्रवादी बड़ी संख्या में मारे गये। हूती उग्रवादियां के 10 ड्रोन के जरिये ड्रोन के हमले के बाद सऊदी अरब ने यमन के उग्रवादियों के अलावा ईरान को भी ड्रोन हमले का जिम्मेदार बताया था। इस घटना के ठीक 1 महीने बाद यानि सितम्बर 2020 में अजर बैजान व आरमेनिया के बीच भी 44 दिन का लम्बा युद्ध हुआ था और इसमें भी ड्रोन यू.ए.वी. और मिसाइलों का व्यापक प्रयोग किया गया था। यद्यपि अजर बैजान और आरमेनिया के पास अणु और परमाणु हथियार नहीं थे वरना इस युद्ध का भविष्य क्या होता और उसका प्रभाव इन देशों के नष्ट होने के रूप में आता साथ ही इनके आसपास के 100 - 200 कि.मी. की परिधि में स्थित देशों के ऊपर भी प्रभाव पड़ता।

ड्रोन हमले इसलिये भी आतंकवादियों, नवयोद्धाओं देशों की पसंद है क्योंकि ड्रोन हमलो या यू.ए.बी. या मिसाइलों हमलों में मानवीय क्षति (हमला करने वाले) लगभग नहीं होती क्योंकि ये मानव रहित तकनीक के होते है। इनके निर्माण पर भी बहुत कम खर्च आता है, और इनको ले जाने वाले विमान पर तुलना में खर्च एक प्रतिशत से भी कम होता है। इतना ही नहीं ड्रोन हमले के लिये प्रशिक्षण का खर्च भी सामान्य युद्ध, प्रशिक्षण का 10 प्रतिशत से भी कम आता है, यानि ड्रोन युद्ध सस्ता और मारक युद्ध की तकनीक है। हो सकता है कि, हमारे देश के सांस्कृतिक बुद्धिजीवी यह कहकर खुश हो कि ड्रोन या मिसाइल इनका प्रयोग तो भारत, राम रावण युद्ध में या महाभारत में कर चुका है इसलिये हम ड्रोन या मिसाइल तकनीक में भी विश्व गुरू है। परन्तु वे यह भूल जाते है कि ड्रोन हमले की व्यापक संभावनाओं की चपेट में आने वालों को ड्रोन या मिसाइल नहीं छोड़ती भले ही वह चाहे विश्व गुरू हो या विश्व चेला। राष्ट्रीय सुरक्षा के इस प्रश्न पर अभी तक संघ प्रमुख का कोई बयान या प्रतिक्रिया सुनने को नहीं मिली। यह आश्चर्यजनक भी है और यह भी कि ड्रोन कम ऊँचाई पर उड़ता है अत~ रडार की पकड़ में नहीं आ पाते। अत~ इसके लिये विशेष रडार तैयार करने होंगे।

अभी दो माह पूर्व फिलिस्तीन और इजराइल के बीच अल्पकालिक अघोषित युद्ध हुआ उसमें भी मिसाइल तकनीकी हथियारों का बड़े पैमाने पर प्रयोग हुआ यह तो इजराइल के सुरक्षा तंत्र की तैयारी और खूबी थी कि उन्होंने पहले ही ऐसी मिसाइल प्रतिरोधी क्षमता और रक्षा कवच विकसित कर लिया था जिससे फिलिस्तीन की ओर से आने वाली मिसाइलें फिलिस्तीन में ही नष्ट कर दी गई। इससे हमलावर को स्वत~ उसकी क्षति को सहना पड़ा। परन्तु भारत अभी तक ऐसी कोई प्रतिरोधक प्रणाली विकसित नहीं कर सका है जिस प्रकार के प्रभावी रडार इजराइल द्वारा पहले से तैयार कर लिए गये। वैसे इस प्रकार के यंत्रों के भारत सैन्य सामग्री में विकसित होने की सूचना नहीं है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि जब तक मुकाबला जमीनी युद्ध का था या जिसे पारंपरिक युद्ध कहा जाता है उन तरीकों का या तब तक भारत पाकिस्तान से हर मामले में शक्तिशाली था। और यही कारण है कि कश्मीर में 1947 में कबाईली आक्रमण के समय, 1965 में, 1971 में और 2000 में सैन्य आक्रमण में भी भारत विजयी रहा। परंतु परमाणु परीक्षण के बाद अब भारत और पाक दोनों एक अर्थ में परमाणु शक्ति संपन्न देश बन गये है। विश्व में संख्याबल या सैन्य बल अब बहुत मायने नहीं रखता, बल्कि तकनीक और हथियार की क्षमता निर्णायक होती है। पाकिस्तान एक अर्थ में तालिबानों का सप्लायर और उत्पादक देश भी है। मीडिया की सूचना के अनुसार पाकिस्तान द्वारा दस हज़ार तालिबानी लड़ाके अफगानिस्तान में तालिबानों की मदद के लिए भेजे गये हैं। एक तरफ ड्रोन, यू.एस.बी. मिसाइल और दूसरी तरफ पाक और अफगानिस्तान के हालात भारत के लिए सुरक्षा, विदेश नीति, अर्थ तीनों आधार पर गंभीर चिंता का विषय है। भारत का कई लाख करोड़ रूपया अफगानिस्तान में लगा है और यह सब ऐसे राष्ट्रीय महत्व के पक्ष है, जिन पर सरकार और संसद चिंता करे या न करे परंतु देश को चिंता करनी चाहिए।

## उपयोगी हल

एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली। उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बर्बादी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है। दूसरों के साथ बातचीत से भी अच्छे हल निकाले जा सकते हैं।

## महिलाओं का त्यौहार है श्रावणी तीज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।

सावन के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। सावन के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं।

सावन का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था।



माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्वारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है।

तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। जिसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है।

# गाती है मल्हार जिंदगी पल पल सावन होता है!

**सूडोकु नवताल- 5799** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5798 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**चिंतन का आधार मिले तो, यह जग पावन होता है!**

गाती है मल्हार ज़िंदगी, पल-पल सावन होता है!!प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ योगेंद्रनाथ शर्मा अरुण की ये पंक्तियां आध्यात्मिक ता और प्रकृति का ऐसा संगम है जिसमे से तीज की खुशी झांकती नज़र आती है।हरियाली तीज का विशेष महत्व है।इस दिन सुहागिनें व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और स्वयं अखंड सौभाग्यवती बने रहने के लिए भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन करती हैं। हरियाली तीज का उपवास सावन मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। इस तिथि को ही माता पार्वती और भगवान शिव को दोबारा मिलन हुआ था।इसलिए इसे सुखद उत्सव के रूप में मनाया जाता है। लड़कियां यह उपवास मन वांछित वर की प्राप्ति के लिए रखती है।

हरियाली तीज उपवास की पूजा 11 अगस्त को सुबह 4 बजकर 24 मिनट से 5 बजकर 17 मिनट तक है। उसके बाद दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 7 मिनट तक है।इस दिन रवि योग भी बन रहा है।ये सुबह 10 बजकर 42 मिनट से शुरू होकर रात तक रहेगा।हरियाली तीज उपवास पूजा के लिए पीला वस्त्र, केला के पत्ते, जनेऊ, कच्चा सूत, नए वस्त्र, बेलपत्र, धतूरा, भांग, कपड़ा, एक जोड़ी जनेऊ/यज्ञोपवीत भगवान शिव और गणेश जी को चढ़ाए और मां पार्वती को एक हरी साड़ी, सुहाग का 16 श्रृंगार सामान से माता पार्वती की पूजा करे।16



श्रृंगार में सिंदूर, बिंदी, बिछुआ, मेहंदी, चूडियां, महौर, खोल, कुमकुम, कंघी, इत्र आदि शामिल हैं। इसके अलावा, कलश, अक्षत्, दूर्वा, तेल, घी, कपूर, अबीर, श्रीफल, चंदन, गाय का दूध, गंगाजल, दही, चीनी, शहद और पंचामृत चीजें भी हरियाली उपवास पूजा के लिए आवश्यक है। उपवास और पूजा अर्चना के साथ ही सावन मस्ती का महीना भी है।जिसमे तीज पर लड़कियां और महिलाएं झूला भी झूलती है।इसके लिए किसी वृक्ष या गैलरी में झूला डालकर उन्मुक्त हवाओ की सैर करती है । सावन के लोकगीत भी बहुत चर्चित है जिन्हें गाकर भारतीय संस्कृति को जिंदारखने की कोशिश की जाती है। हरियाली तीज पर प्रायः रिमझिम बरसात रहती है। बारिश की फुहारों के साथ सावन के झूले आनन्ददायक बन जाते है। लेकिन अब झूले भी अतीत बनकर रह गए है। सावन के महीने का खास व्यंजन घेवर है। जिसे खाने का अलग ही मजा है। इस माह मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों पर भागवत की कथाएं भंडारे होते रहते हैं। विवाहित महिलाएं अपने मायके जाकर यह त्यौहार मनाती हैं तो नवविवाहिताओं को सिंधारा भेजा जाता है। सावन का महीना भगवान शिव की स्तुति का खास अवसर है।सावन माह में प्रकृति भी हरियाली की चादर ओढ़ लेती है। तब हर किसी के मन में उन्मुक्तता की खुशी झलकती हैं7 यह आस्था, सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है।चारों तरफ हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं7 इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, गाती हैं और खुशियां मनाती हैं7महिलाएं इस दिन %उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये% मंत्र का जाप करती है7 इस व्रत को पूर्ण निष्ठा से करने पर प्रत्येक स्त्री को वांछित फल मिलता है7 भगवान शिव ने पार्वती जी को वरदान दिया था कि इस व्रत को जो भी स्त्री पूर्ण श्रद्धा से करेंगी उसे तुम्हारी तरह अचल सुहाग की प्राप्ति होगी तीज के अवसर पर विवाहिताए अपने मायके जाना चाहती हैं । एक गीत भी है, बहुत दिना हो गए पिया मोय, सावन शुगन मनाऊंगी, भैया आयो मोय लिवावे, मैं पीहर कू जाऊंगी। वही कच्चे नीम की निबौरी, सावन जल्दी अईयो रे, अम्मा दूर मत दीजौ, दादा नहीं बुलावेंगे, भाभी दूर मत दीजौ, भइया नहीं बुलावेंगे। सावन में खूब गुनगुनाया जाता है। गांव में झूले पर झूलती हुई लड़कियों को देखकर उनके मन की उन्मुक्तता का अहसास होता है। लड़कियां पेड़ व मुंडेरों पर बैठी हुई चिड़ियों को देखकर अपने मन के भाव को कुछ यूं प्रकट करती हैं।

## जाति बनी वर्ग: संविधान का कचूमर

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पिछले कई दिनों से संसद का काम-काज ठप्प है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच ठनी हुई है। विपक्ष के दर्जन भर से भी ज्यादा दल मोदी सरकार के विरुद्ध एकजुट होने में लगे हुए हैं। लेकिन मोदी सरकार ने क्या दांव मारा है कि सारा विपक्ष खुशी-खुशी कतारबद्ध हो गया है। अब फर्क करना ही मुश्किल है कि भारत की संसद में कौन सत्तापक्ष है और कौन विपक्ष है ? कौनसा ऐसा मामला है, जिसने दोनों के बीच यह अपूर्व संगति बिठा दी है? वह मामला है– देश के सामाजिक और आर्थिक पिछड़े वर्ग की जनगणना का! पक्ष और विपक्ष दोनों उस 127 वें संविधान के समर्थन में हाथ खड़े कर रहे हैं, जो राज्यों को अधिकार देगा कि वे अपने-अपने पिछड़ों की जन-गणना करवाएं। यह संशोधन सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर देगा, जिसमें उसने राज्यों को उक्त जन-गणना के अधिकार से वंचित कर दिया था। अदालत का कहना था कि शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को ही है। केंद्र की मोदी सरकार ने सोनिया-मनमोहन सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए जातीय जनगणना पर रोक लगा दी थी लेकिन अब वह क्या करेगी ? अब वह जातीय जनगणना करवाने के लिए भी तैयार हो जाएगी। जैसा कि मैं हमेशा कहता आया हूँ कि हमारे सभी नेता वोट और नोट के गुलाम हैं। यह प्रांतीय जन-गणना इसका साक्षात प्रमाण है। सभी दल चाहते हैं कि देश की पिछड़ी जातियों के वोट उन्हें थोक में मिल जाएं। इसीलिए वे संविधान का भी कचूमर निकालने पर उतारु हो गए हैं। संविधान कहता है कि ''सामाजिक और आर्थिक पिछड़ा वर्ग'' लेकिन हमारे नेता जातियों को ही वर्ग का जामा पहना देते हैं। क्या जाति और वर्ग में कोई फर्क नहीं है ? यदि सरकारी रेवड़ियाँ आपको थोक में ही बांटनी है तो आप जन-गणना क्यों करवा रहे हैं ? जब आप गणना कर ही रहे हैं तो हर आदमी से आप उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्यों नहीं पूछते? आपको एकदम ठीक-ठीक आंकड़े मिलेंगे। उन आँकड़ों के आधार पर आप उन करोड़ों लोगों को शिक्षा और चिकित्सा मुफ्त उपलब्ध करवाइए लेकिन उन्हें आप कुछ सौ नौकरियों का लालच देकर उनकी जातियों के करोड़ों वोट पटाना चाहते हैं। इससे बड़ी राजनीतिक बेईमानी और क्या हो सकती है? देश के किसी भी नेता या पार्टी में इतना नैतिक साहस नहीं है कि वह इस सामूहिक बेइमानी के खिलाफ मुँह खोले। अब यह मांग भी उठेगी कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से कहीं ज्यादा हो।

# 14,000 फीट की ऊंचाई पर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पूरी डेडीकेशन से शूट किए 'शेरशाह' के एक्शन सीन



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अब अपनी अगली फिल्म 'शेरशाह' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. धर्मा प्रोडक्शन के बैनर के तले बनी ये फिल्म अगले हफ्ते रिलीज होने वाली है. इस फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा कारगिल में शूट किया गया है. जहां कई बड़े सीन्स को ग्राउंड जीरो पर भी फिल्माया गया है. कारगिल में ठंड के मौसम में इस फिल्म को शूट करना बहुत ही ज्यादा मुश्किल था. फिल्म को ज्यादा से ज्यादा रियल और ऑथेंटिक रखते हुए, शेरशाह के प्रमुख सीन्स को कारगिल में लगभग 14,000 फीट की ऊंचाई पर शूट किया गया था. जहां इन सभी सीन्स को खूबसूरत अंदाज में फिल्माने के लिए सिद्धार्थ ने इस बात को ठान लिया था कि वो इस फिल्म से दिखाए जाने वाले सारे सीन्स को खुद ही करने वाले हैं.

ऊंचाई की वजह से ऑक्सीजन की कमी के कारण सेट पर किसी भी चोट से उबरना बहुत मुश्किल था, लेकिन सिद्धार्थ ने चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी पूरे डेडीकेशन के साथ सारे स्टंट एक्शन सीन किए जैसे के मानो उन्होंने खुदको इस किरदार में पूरी तरह समर्पित किया हो. फिल्म के ट्रेलर से सिद्धार्थ की कड़ी मेहनत दिखाई देती है , इससे पता चलता है कि टीम ने निश्चित रूप से कुछ यथार्थवादी एक्शन दृश्यों को पर्दे पर उतरने में सफलता हासिल की है.

इस फिल्म के ट्रेलर को 25 जुलाई को करगिल में लॉन्च किया गया था. ट्रेलर लॉन्च के दौरान वहां, विक्रम बत्रा का परिवार भी मौजूद था. आपको बता दें, ये पूरी फिल्म विक्रम बत्रा के जीवन की कहानी पर आधारित है. जहां फिल्म के ट्रेलर की देशभर में खूब तारीफ हुई है. वहीं बॉलीवुड सितारों ने भी इस ट्रेलर को खूब प्यार दिया है. जैसे कि,अक्षय कुमार आलिया भट्ट करीना कपूर वरुण धवन अनन्या पांडे, सारा अली खान और विक्की कौशल और कई सारे एक्टर्स ने भी अपने उत्साह को साझा करने और टीम को शुभकामनाएं भेजने के लिए अपने सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं दी है. जहां हाल ही में रिलीज हुई फिल्म के दोनों गाने राता लाबियां और रांझा दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं. सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रही है।

## करण जौहर की फिल्म तख्त पर शुरू हुआ काम, 150 करोड़ रुपये में बनेगी फिल्म

निर्माता करण जौहर काफी समय से फिल्म तख्त को लेकर लाइम लाइट में रहे हैं। कुछ महीने पहले खबर आई थी कि करण के इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अब इस प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो करण की फिल्म तख्त पर काम शुरू हो गया है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के काम को शुरू कर दिया गया है। यह फिल्म 150 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, तख्त का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम फिर से शुरू हो चुका है। पहले फिल्म का प्रोड्यूसर पार्टनर स्टार इंडिया था, लेकिन उसे फिल्म के 150 करोड़ रुपये का बजट अधिक लग रहा था। इसलिए उसने प्रोजेक्ट से अपने हाथ खींच लिए थे। अब स्टार इंडिया की जगह लाइका प्रोडक्शंस फिल्म का प्रोड्यूसर पार्टनर हो सकती है। लाइका प्रोडक्शंस फिल्म के बजट को मुहैया करवाएगी। सूत्र ने बताया कि फिल्म की कहानी में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। अब फिल्म की कहानी दारा शिकोह और औरंगजेब की आपसी लड़ाइयों के साथ उनके प्रेम संबंधों पर केंद्रित होगी। फिल्म में हिन्दू राजाओं के साथ जंग के प्लॉट को बदलने का विचार किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग तभी शुरू हो पाएगी, जब फिल्म के सभी कलाकारों के डेट्स मिल जाएंगे। हालांकि, अभी इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस फिल्म के अहम कलाकार अपने अलग-अलग प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। आलिया भट्ट वर्तमान में अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पहली फिल्म डार्लिंग्स को लेकर व्यस्त हैं। इसके अलावा उन्हें रणवीर सिंह के साथ करण की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को भी शुरू करना है। करण इस फिल्म में निर्देशन की कमान संभालेंगे। कलाकारों की तारीखें मिलने के बाद अगले साल के अंत तक फिल्म तख्त की शूटिंग शुरू हो सकती है। करण जौहर की इस फिल्म में शाहजहां के दो बेटों दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई को फिल्माया जाएगा।

फिल्म में रणवीर, औरंगजेब के भाई दारा शिकोह का रोल करेंगे, जबकि अभिनेता

# लक्ष्मी मांचू ने बनाया अपना खुद का यूट्यूब चैनल




तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू ने इस महीने की शुरूआत में अपना खुद का यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है। अभिनेत्री को लगता है कि डिजिटल दुनिया का अधिकतम लाभ उठाने का यह सबसे अच्छा समय है। हालांकि अभिनेत्री को हमेशा इस उद्यम को शुरू करने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू करने के लिए सही समय का इंतजार किया।

लक्ष्मी ने बताया, मुझे वर्षों से एक यूट्यूब चैनल शुरू करने के लिए कहा जा रहा था। मैंने पहले नहीं देखा था कि मैं इसे लेकर और क्या वैल्यू ला सकती हूं, लेकिन अब दुनिया को और अधिक डिजिटल होते हुए देखते हुए, मुझे लगा कि यह काम शुरू करने का एक अच्छा माध्यम है। मैं एक नई यात्रा के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यह पूछे जाने पर कि चैनल पर कंटेंट का फोकस क्या होगा, इस पर लक्ष्मी ने मजाक में जवाब देते हुए कहा, मुख्य फोकस स्पष्ट रूप से मैं होने जा रही हूं! वह आगे बताती हैं, मैं अलग-अलग चीजों पर कुछ सीरीज बनाने जा रही हूं, जिनके बारे में हम बात कर सकते हैं और मैं सुझावों के लिए भी तैयार हूं। लक्ष्मी एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए एक कुकरी शो भी होस्ट करती हैं जहां वह सेलिब्रिटी मेहमानों को आमंत्रित करती हैं, जहां विभिन्न प्रकार का खाना बनाया जाता है। अभिनेत्री डिजिटल रूप से विचित्र कंटेंट बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उनके पास इसका एक कारण भी है। अभिनेत्री ने कहा, अब पहले से कहीं अधिक लोग टेलीविजन के बजाय अपने फोन पर हैं और मुझे लगता है कि यह वह माध्यम है, जो धीरे-धीरे उनके मनोरंजन का मुख्य स्रोत बन गया है। इसलिए, लक्ष्मी मांचू हर जगह है। आप मुझे नकार नहीं कर सकते!

# सोनम कपूर ने 'भाग मिल्खा भाग' के लिए ली थी 11 रुपये फीस

बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनती हैं जो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती हैं. कई ऐसी फिल्में बनती हैं जिनके लिए सेलेब्स मना कर देते हैं क्योंकि कभी फीस उनके हिसाब से नहीं होती है तो कभी स्क्रिप्ट. वहीं कई सेलेब्स ऐसे होते हैं जो स्क्रिप्ट पसंद आने के बाद कम फीस में भी काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं. ऐसे ही एक सेलेब के बारे में फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने अपनी किताब में बताया है.

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'द स्ट्रेंजर इन द मिरर' में अपनी फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' में सोनम कपूर की फीस के बारे में बताया है. दोनों ने पहले साथ में दिल्ली 6 में काम किया था. उसके बाद दोनों ने साथ में भाग



मिल्खा भाग में काम किया. भाग मिल्खा भाग में सोनम कपूर का ज्यादा बड़ा रोल नहीं था लेकिन उनके अपीयरेंस की तारीफ की गई थी. राकेश ने अपनी किताब में लिखा है कि सोनम कपूर फिल्म में बीरो का किरदार निभाने के लिए तैयार हो गई थीं. इसके लिए उन्होंने सिर्फ 11 रुपये फीस ली थी.

राकेश ने बताया है कि सोनम जब भी स्क्रीन पर आती थीं एक छाप छोड़ जाती थीं. सोनम कपूर की फिल्म से जुड़ी खास यादें हैं. वह कहती थीं कि मैं फिल्म में तड़का थीं.

लीडिंग एक्ट्रेस आज के समय में इस तरह के किरदार नहीं निभाती हैं. राकेश ने सोनम की खूब तारीफ की और लिखा- सोनम ने समझा की ये फिल्म लव स्टोरी नहीं है. उन्होंने कहा कि उनका फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस था और उन्होंने 11 रुपये फीस लेने का फैसला लिया था. हम दोनों ने इससे पहले दिल्ली 6 में एक अच्छी जर्नी बिताई थी. उन्होंने सिर्फ 7 दिनों तक शूट किया था।

## शाहिद कपूर को याद आए 'जर्सी' के सेट पर बिताए दिन, क्रिकेट खेलते हुए शेयर किया वीडियो

शाहिद कपूर जल्द ही फिल्म जर्सी में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वह एक क्रिकेटर के किरदार में नजर आने वाले हैं. शाहिद को अपनी अपकमिंग फिल्म 'जर्सी' की शूटिंग पूरा किए हुए करीब एक साल हो गया है. लेकिन ऐसा लगता है कि वे अभी तक सेट को भूले नहीं और वह स्पोर्ट्स फ्लिक की शूटिंग को याद कर रहे है. शाहिद ने सेट पर अपने समय के बारे में याद करते हुए एक इंस्टाग्राम रील पोस्ट की है. जहां उन्हें क्रिकेट खेलते और लॉन्ग-ऑन एरिया की ओर एक परफेक्ट शॉट लगाते हुए देखा जा सकता है. शाहिद ने रील के कैप्शन में लिखा, 'लगभग एक साल बाद कुछ क्रिकेट खेला ॥जर्सी सेट ॥मेजर मिसिंग फिल्म की तैयारी के दौरान शाहिद के कठिन क्रिकेट प्रशिक्षण से पता चलता है कि त्रुटिहीन रुख, मुद्रा, स्विंग और शॉट की तैयारी. इसे सबसे ऊपर, रील के बैकग्राउंड में अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित फिल्म का टाइटल थीम है. शाहिद कपूर इन दिनों राज और डीके की सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं. यह वेब सीरीज एमेजॉन प्राइम पर रिलीज होगी।




# कैसे की जाती है वॉल प्रेस एक्सरसाइज? जानिए इससे जुड़ी कुछ खास बातें



वॉल प्रेस एक्सरसाइज एक तरह की फुल बॉडी एक्सरसाइज है और इसे सही तरीके से करने के बाद अन्य कोई भी एक्सरसाइज करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ कई अन्य स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है और इसे वर्कआउट रूटीन में शामिल करना बहुत लाभदायक है। आइए आज आपको इस एक्सरसाइज को करने का तरीका और इससे जुड़ी कुछ अहम बातें

### वॉल प्रेस करने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक दीवार के सामने दो फुट की दूरी पर खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों हाथों को दीवार पर कंधों की चौड़ाई बराबर दूरी पर रखें और उंगलियों की दिशा ऊपर की ओर होनी चाहिए। इसके बाद आप दीवार के सहारे पुश-अप्स करें और फिर कुछ सेकेंड के बाद आप अपनी प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इस क्रिया को बार-बार दोहराएं। वॉल प्रेस एक्सरसाइज के आपको 20 रेप्स के दो-पांच सेट्स करना चाहिए।

### सावधानियां

**एक्सरसाइज करते समय जरूर बरतें ये सावधानियां:** एक्सरसाइज के दौरान अपनी पीठ और कूल्हों को एकदम सीधा रखें। अगर आपके कंधों या फिर हाथों में किसी तरह की तकलीफ है तो इस एक्सरसाइज को न करें। जिन लोगों को घुटनों में चोट लगी हो या जिनकी सर्जरी हुई हो, वे भी इस एक्सरसाइज को न करें। गर्भवती महिलाएं भी इस एक्सरसाइज को न करें। अगर हाल ही में पेट की सर्जरी हुई है तो भी वॉल प्रेस एक्सरसाइज को करने से बचना चाहिए।

### फायदे

रोजाना वॉल प्रेस एक्सरसाइज करने से मिलने वाले फायदे: शरीर के संतुलन को बेहतर बनाने में भी यह एक्सरसाइज मदद कर सकती है। इस एक्सरसाइज से पीठ की कई तकलीफों को ठीक किया जा सकता है। यह एक्सरसाइज घुटनों के दर्द से राहत दिलाने में कारगर है। इस एक्सरसाइज से शरीर का स्टैमिना बढ़ाने में मदद मिलती है। यह एक्सरसाइज थकान को तुरंत दूर करने में सहायक है। यह एक्सरसाइज शरीर में लचीलापन लाने में मददगार है। रोजाना वॉल प्रेस एक्सरसाइज करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद मिलती है।

### टिप्स

एक्सरसाइज से जुड़ी खास टिप्स: यह एक्सरसाइज करते समय अपनी पीठ को न मोड़ें और इसे एकदम सीधा रखें। इसी तरह अपने सिर, कंधे, पीठ और कूल्हों पर अधिक दबाव न डालें।

## खाना खाने का मन नही करता तो इन देसी नुस्खों से बढ़ाएं अपनी भूख

आपने बहुत से लोगों को कहते हुए सुना होगा कि उन्हें भूख नहीं लगती। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। बहुत से लोग ऐसे भी है जिन्हें समय पर भूख नहीं लगती और अगर लगती भी है तो थोड़ा सा खाने पर ही पेट भर जाता है। कई बार पेट की समस्या के चलते भूख अपने आप खत्म हो जाती है। आज हम आपको उन उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे आप अपनी भूख को बढ़ा सकते हैं.... ग्रीन टी- ग्रीन टी पीने से भूख तो लगती ही है साथ ही कई बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। आप चाय की बजाय ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। नींबू पानी- गर्मियों के मौसम में नींबू पानी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। गर्मियों के मौसम में शरीर को पानी की जरूरत होती है। नींबू पानी पीने से पानी की कमी को पूरा किया जा सकता है। इससे भूख भी बढ़ती है। अजवायन- अपच या भूख न लगने की समस्या में आप अजवायन का सेवन कर सकते हैं। भूख ना लगने पर दिन में एक या दो बार इसका सेवन जरूर करें। त्रिफला चूर्ण- अगर आपको भी समय पर भूख नहीं लग रही है, तो आप त्रिफला चूर्ण का सेवन कर सकते हैं।





## वन-टू-वन

### विधानसभा में कांग्रेस विधायक ने फाड़े अपने कपड़े, लगाए ये गंभीर आरोप

**भोपाल(अर्पित गुप्ता)**

चार दिवसीय मानसून सत्र जब डेढ़ दिन में ही समाप्त हो गया तो कांग्रेस विधायक बाबू जांडेल का गुस्सा फट पड़ा। गुस्से में विधायक ने किसी और के नहीं बल्कि अपने ही कपड़े फाड़ कर फेंक दिए। विधायक के कपड़े फाड़ने से विधानसभा में हड़कंप मच गया। बाबू जांडेल श्योपुर से विधायक हैं। दरअसल लगातार हुई बारिश और बाढ़ ने एमपी में जमकर तबाही मचाई। बाढ़ का पानी उतर तो गया लेकिन तबाही के निशान और दर्द लोगों की आंखों में छोड़ गया। बाढ़ से लोगों के घर जमींदोज हो गए, कईयों ने अपनों को खो दिया, हजारों मवेशियों की मौत हो गई, किसानों की फसल चौपट हो गई। शासन प्रशासन के दावों के बीच लोग अब भी मदद की आस लगाए बैठे हुए हैं। बाढ़ से हुई तबाही और पीड़ित लोगों की मदद को लेकर विधायक सदन में चर्चा करना चाहते थे। तबाही का मंजर अपनी आंखों से देखने के बाद जब उस पर सदन में कोई चर्चा नहीं हो पाई तो विधायक फट पड़े। उन्होंने अपने ही कपड़े फाड़ कर फेंक दिए। विधायक बाबू जांडेल ने कहा कि हजारों लोग बेघर हो गए, हजारों की संख्या में मवेशी मर गए। लोगों ने घरों पर चढ़कर जान बचाई। मैंने लोगों का दाह संस्कार किया। बाढ़ के मुद्दे पर सदन मे 5 मिनट के लिए चर्चा चाहता था। लेकिन सरकार 5 मिनट भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की। सरकार बड़ी बड़ी घोषणा कर रही है बाढ़ प्रभावितों के लिए। जमीन पर कोई राहत नहीं पहुंच रहा है। श्योपुर में बाढ़ आपदान ने नहीं बल्कि स्थानीय प्रशासन ने बर्बाद किया है। श्योपुर में सबसे ज्यादा बाढ़ ने तबाही मचाई है।

#### डेढ़ दिन में क्या हुआ सदन मे..?

विधानसभा का 4 दिवसीय मानसून सत्र का आगाज़ 9 अगस्त को हुआ। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विश्व आदिवासी दिवस पर छुट्टी नहीं देने के मसले पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सदन के दूसरे दिन यानी कि आज पहले महंगाई पर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामे की वजह से अध्यक्ष ने आधे घंटे के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। कार्यवाही शुरु होते ही काली एप्रेन पहनकर पहुंचे कांग्रेसी विधायकों ने ओबीसी आरक्षण के मामले में जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। विपक्षी हंगामे के बीच सरकार ने कई विधेयकों को पेश किया और बगैर चर्चा उन्हें पारित कर दिया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इस तरह 4 दिन का मानसून सत्र महज डेढ़ दिन में ही समाप्त हो गया।

### पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जखमौली, टेहेंगुर में बाढ़ पीड़ितों के बीच बाटे भोजन के पैकेट'

**नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजापा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जखमौली, टेहेंगुर दाह का पुरा दोनियापुरा ग्रामीण अंचलों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित पीड़ित परिवारों के बीच खाना के पैकेट वितरित किए । पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि किक चंबल नदी के किनारे बसे ग्रामीण अंचल में पानी के बढ़ते हुए जल के प्रभाव के कारण लोग झुग्गी झोपड़ी बनाकर गरीब परिवार सब के लोग रह रहे थे ऐसे परिवारों के बीच जन सेवा भाव का काम करना मेरे लिए पहली प्राथमिकता है जो उनके बीच राहत कार्य चलाकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी उन्होंने वचन दिया और उनके बीच स्वयं जाकर भोजन के पैकेट ओं का वितरण किए । पूर्व विधायक कुशवाह ने कहा कि चंबल नदी के किनारे गांव में कच्चे मकान पूर्ण से ध्वस्त हो चुके हैं उनके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आर्थिक राशि दिला कर उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे और ?6000 की राशि भी शासन की योजना के तहत दिलाई जाएगी और उनका योजना का लाभ उन्हें मिले कई ऐसे पक्के मकान भी हैं जिन में दरार भी पड़ गई है उनकी मरम्मत के लिए भी शासन की योजना है । पूर्व विधायक कुशवाहा ने झुग्गी झोपड़ी में पार्टी कार्यकर्ता में ग्रामीणों के साथ पहुंचकर उनके साथ और कहा कि हम सब आपकी सुख दुख में हमेशा खड़े रहेंगे शासन प्रशासन से भी युद्ध स्तर पर राहत कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं । भिंड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा की बाढ़ प्रभावित गांव क्षेत्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नेतृत्व वाली सरकार की योजना के तहत राशन का वितरण ओझा, सनावई, द्वार में किया जा रहा है ।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मजिस्ट्रेट की तैनाती

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि जनपद में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2021 का आयोजन 11 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे से 01:30 बजे तक 8 केन्द्रों पर आयोजन किया जाएगा। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सचल दलों को परीक्षा केन्द्रवार मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। तैनात मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र पर शासन द्वारा निर्गत कोविड-19 गाईडलाइन का अनुपालन कराते हुए नियमित रूप से भ्रमण करते हुए रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार सरस्वती विद्यालय मंदिर हेतु संजय सिंह बीएसए, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर एवं गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज पर अबुल कलाम डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, एमजीएचएम इण्टर कॉलेज मारहरा पर मिथलेश कुमार डीआईओएस, प्रभारी निरीक्षक मारहरा एवं डा0 जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज निधौलीकलां पर राजीव पाण्डेय अपर उप जिलाधिकारी, प्रभारी निरीक्षक निधौलीकलां एवं गांधी सार्वजनिक इण्टर कॉलेज जैथरा पर राकेश कुमार त्यागी डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी निरीक्षक जैथरा थाना एवं जनता इण्टर कॉलेज कैल्ठा पर एसपी सिंह सीवीओ, प्रभारी निरीक्षक अलीगंज एवं आदर्श इण्टर कॉलेज जलेसर पर राजीव मिश्र जिला पूर्ति अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक जलेसर एवं जनता इण्टर कॉलेज अवागढ़ पर विवेक राजपूत डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी निरीक्षक थाना अवागढ़ को तैनात किया गया है।

# जनसेवा ही भाजपा का उद्देश्यः रमेश दुबे

## कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत ग्राम जखमौली एवं टेहनगुर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क दवाइयो का किया वितरण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।सेवा ही संगठन अभियान को लेकर कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत प्राकृतिक आपदा से सिंध नदी के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सर्व समाज के लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया और उनको कोविड-19 से लेकर अन्य बीमारियों से बचने के लिए भी चिकित्सकों ने उपाय बताकर तीसरी लहर से बचने के लिए मास्क एवं घर पर रहने की सलाह दी और वही 2 गज की दूरी से रहने की भी उन्होंने सलाह दीद्य

भाजपा मीडिया सेंटर प्रभारी अजय शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वरिष्ठ नेता डॉ रमेश दुबे ने जखमौली टेहनगुर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए जन सेवा भाव का कार्य कर उनके लिए सभी राहत आपदा योजनाओं को संचालित कर राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से दवाइयां वितरित कर की जा रही हैं, बाढ़ के बाद कई बीमारियां फैलने की आशंका है लेकिन अभी से ही हम लोगों को सचेत हो जाना चाहिएद्य

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ दुबे ने कहा सेवा ही संगठन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिनमें खांसी बुखार जुकाम ऐसी कई बीमारियां भी हो सकती हैं, पार्टी का हर कार्यकर्ता और शिवराज सिंह सरकार आपके साथ जन सेवा भाव में लगी रहेगीद्य

भाजपा नेता दुबे ने कहा की आपदा में ही जनता की सेवा करने का अवसर मिलता है और मूल उद्देश्य है कि वे सुरक्षित रहें और उन्हें धैर्य बनाते हुए कहा कि शासन की जो योजना है वह बाढ़ पीड़ित परिवार जनों को मिलेगी साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार ने



पहले से ही निर्णय ले लिया है कि जिन परिवारों के कच्चे मकान ध्वस्त हो गए हैं उनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ?120000 की राशि उपलब्ध कराई जाएगी तत्काल ?6000 की राशि और खाद्यान्न के तहत 50 किलो गेहूं 5 किलो आलू, चावल, शक्कर ,नमक भी उपलब्ध कराए जाने की योजना प्रारंभ हो गई है।

बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचलों में कैलाश वासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचते ही लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया जिसमें महिलाएं युवा बुजुर्गों नेइस जनसेवा कार्य कार्य की सराहना कीद्य

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश दुबे ने बताया की बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचलों में नदी का पानी ग्रामीण अंचलों से उतरने के बाद बीमारियां फैलने की आशंका भी संभावना व्यक्त की जा रही है इससे पहले स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का इलाज किया जाएगा जिस की योजना भी बनाई जा रही है

सेवा संगठन अभियान मैं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सौरभ जैन डॉ शरद यादव विकास शर्मा, उमरी मंडल के अध्यक्ष श्याम सिंह राठौर, महामंत्री श्री सत्येंद्र सिंह राजावत, राहुल भारद्वाज, लटूरी प्रसाद शर्मा, उदयवीर सिंह कुशवाह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संजू सिंह कुशवाह ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग कर लोगों को दवा वितरण में अपनी मुख्य भूमिका निभाई।

## पुलिस आरक्षक लापता, पत्र सोशल मीडिया पर वायरल, लिखा

# मेरी मौत के जिम्मेदार आरआई और बड़े बाबू होंगे

**पुष्पेंद्र तोमर, पुष्पांजली टुडे**


मुरैना / मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक कथित पत्र सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पत्र में आरक्षक ने विभाग में पदस्थ आरआई और बाबू पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाया है। आरक्षक ने कहा कि अगर उसकी मौत होती है तो उसके लिए ये दोनों ही जिम्मेदार होंगे।

मुरैना पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक अनुराग शर्मा ने आरआई कृष्ण प्रताप सिंह तोमर और बड़े बाबू ओपी शर्मा पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे कथित पत्र में कहा गया है, अगर मेरी मौत होती है तो उसके जिम्मेदार आरआई महोदय और बड़े बाबू होंगे।

आरक्षक ने लेटर में लिखा है



कि मेरे साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है और मेरी 2 साल की बच्ची है, जो कि बीमार रहती है। साथ ही उन्होने यह भी लिखा कि मेरी मौत के उपरांत इन दोनों जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। पत्र में आरक्षक के हस्ताक्षर के साथ ही उसका बैच नंबर भी लिखा है।



#### आरक्षक लापता

पत्र सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जब आरक्षक अनुराग शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उनका फोन स्वीच ऑफ है और वे लापता हैं।

#### अधिकारियों ने साधी चुप्पी

प्रताड़ना के आरोप पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। मुरैना एसपी ने कहा कि आरक्षक लापता है उसका फोन नहीं लग रहा। जब तक आरक्षक से बात नहीं हो जाती तब तक इस पर कुछ नहीं बोलूंगा।

## प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा



**नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिले में प्रति परिवार 50 किलो आटा, 4 किलो आलू एवं 1 किलो नमक प्रति प्रभावित परिवार को वितरित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में जिले में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाने का कार्य लगातार शीघ्रता से किया जा रहा है। राज्य शासन की ओर से बाढ प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो आटा एवं जिला स्तर से 4 किलो आलू एवं 1 किलो नमक का पैकेट वितरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में राहत पहुँचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम लिलवारी, ग्राम इंदुरखी, ग्राम धौहर, ग्राम पर्रायच, ग्राम निवसाई आदि में बाढ़ पीड़ित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो आटा, 4 किलो आलू एवं एक किलो नमक का पैकेट वितरित किया जा रहा है।

## राजपुरोहित का बन्नूर पंहुचने पर समाज सेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने किया सम्मान



**ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु.बिकानेर जिला के नोखा मंडी नगर पालिका सदस्य लक्ष्मी देवी राजपुरोहित व नारायण सिंह राजपुरोहित का बनूर पहुंचने पर राजस्थानी व्यापारियों की ओर से सम्मान किया गया द्य पार्षद लक्ष्मी देवी राजपुरोहित ने राजस्थानी लोगों को आपसी भाईचारा कायम रखने की बात कही तथा स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर एक दूसरे के सहायक बनने की प्रेरणा दी द्य नारायण सिंह राजपुरोहित ने कहा कि राजस्थानी अपने कार्य क्षमता को साख की बदौलत लोगों के दिलों में जगह बनाते हुए अपना व्यापार संचालित इस अवसर पर पर्यावरण जागृती वेदिके के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित,दिनेश सिंह,राजेश सिंह,रोशन सिंह,दर्शन सिंह, विराट सिंह,जी.संतोष कुमारी, शारदा देवी,रेखा,प्रतीक,अशोक भाटी आदि मौजूद रहे ।

# जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग समारोह सम्पन्न

**अर्पित गुप्ताए पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर / जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा संस्था के सदस्यों के लिए एक ट्रेनिंग प्रोग्राम ÷इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग÷ का आयोजन होटल में दिनांक 08 अगस्त 2021 को किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अंबाला से पधारे जेसीआई इंडिया के प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर जेसी अंकुर गुप्ता द्वारा ÷पब्लिक स्पीकिंग÷ पर बहुमूल्य टिप्स दिए गए।

जेसी अंकुर गुप्ता ने बताया कि पब्लिक स्पीकिंग मे वाईस मॉड्यूल का एक महत्वपूर्ण स्थान है साथ ही महिला-पुरुष अगर पब्लिक मे बोलने जा रहे हे तो उनका कपड़े पहनने का सलिका कैसा हो, स्टेज फियर कैसे कम करे और जो स्पीच देने जा रहे है उसका कन्टेन्ट कितना सटीक हो साथ ही किस आयु की पब्लिक को हम स्पीच दे रहे है उसका पता होना भी एक महत्वपूर्ण बात है।

उन्होंने फिल्म धाकड एंव रंग दे वसंती का उदाहरण तथा उसकी छोटी छोटी क्लिपिंग के



माध्यम से बताया कि बोलचाल मे कहा ठहराव आवश्यक है और कहा कितनी आवाज मे बात करनी है साथ ही ग्रुप के सदस्यो के साथ एक्टिविटी के माध्यम से स्टोरी टेलिंग करवाई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष जेसी लक्ष्मण शर्मा मेन्टोर जेसी अंजली वत्रा एंव संस्था के अध्यक्ष जेसी विवेक खण्डेलवाल, सचिव जेसी कपिल मुदगल, निवर्तमान अध्यक्ष एवं मण्डल निर्देशक प्रबंध जेसी विजेता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष जेसी मेघा खण्डेलवाल, जेसी रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष जेसी आनंद मिश्रा, जेसी चित्रांशी एंव 25 जेसी सदस्य उपस्तिथ थे ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ पर नहीं रुक रहा नवजात शिशुओं की मौत का सिलसिला

# प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं से स्टाफ नर्स धड़ल्ले से कर रही हैं अवैध वसूली

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ / कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष यशपाल चाहर ने नवजात शिशुऔ की सिलसिलेवार मौत एवं अन्य अनियमितताओं के मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरागढ़ का मीडिया कर्मियों के साथ निरीक्षण किया द्य अवलोकन करने पर पाया गया कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है एवं केंद्र तथा राज्य सरकार से मिलने वाले बजट का संगठित रूप से बंदरबांट किया जा रहा है द्य महिला वार्ड का निरीक्षण करने पर प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं एवं परिजनों में काफी आक्रोश दिखा द्य गर्भवती महिलाओं का कोई बीएचटी रिकॉर्ड नहीं बनाया जाता है द्य भर्ती महिला प्रसूता एवं परिजनों ने स्टाफ नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बताया कि दवाइयां एवं दस्ताने जैसी अन्य सामग्री बाजार से लाने









को मजबूर है द्य जबकि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जननी शिशु सुरक्षा योजना जैसी जनकल्याणर्थ योजनाओं के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं एवं आदि सामग्री का निशुल्क प्रावधान है द्य प्रसूता को मिलने वाला पुष्टाहार के नाम पर जो बजट आता है उसका भी बंदरबांट किया जा रहा है द्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ की भी तैनाती नहीं पाई गई है जिसकी वजह से विगत दिनों में कई नवजात शिशु को अपनी जान गंवानी पड़ी द्य मुख्यालय से खेरागढ़ क्षेत्र की दूरी अधिक होने की वजह से परिजन चरमराई हुई व्यवस्थाओं के बावजूद महिलाओं की डिलीवरी कराने के लिए मजबूर है द्य अस्पताल परिसर में स्टाफ क्वार्टर होने के बावजूद भी डॉक्टर रात्रि प्रवास नहीं करते हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुधार हेतु डॉक्टरों के रात्रि प्रवास का शासनादेश है द्य कोरोना टीकाकरण के बाद मरीजों को होने वाले त्वचा रोग जैसे साइड इफेक्ट का भी डॉक्टर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए द्य मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अनुपस्थिति में डॉ आलोक ने अस्पताल में नवजात शिशुओं की मौत को स्वीकारते हुए खेद जनक बताया लेकिन अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का मुद्दा कहकर पल्ला झाड़ लिया द्य अवलोकन में यह भी पाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के रूप में कार्यरत डॉक्टर बालकृष्ण सोनी द्यद्ब1द्गद्य-2 के अधिकारी हैं जबकि शासनादेश के अनुसार द्यद्ब1द्गद्य-3 के डॉक्टर को ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना अनिवार्य है द्य जन सेवक एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष यशपाल चाहर ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार न होने की दशा में पार्टी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी ।

## वन-टू-वन

### जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग समारोह सम्पन्न

**ग्वालियर(अर्पित गुप्ता)।**

जेसीआई ग्वालियर आदर्श द्वारा संस्था के सदस्यों के लिए एक ट्रेनिंग प्रोग्राम ÷इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग÷ का आयोजन होटल में दिनांक 08 अगस्त 2021 को किया गया। उक्त कार्यक्रम में अंबाला से पधारे जेसीआई इंडिया के प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर जेसी अंकुर गुप्ता द्वारा ÷पब्लिक स्पीकिंग÷ पर बहुमूल्य टिप्स दिए गए। जेसी अंकुर गुप्ता ने बताया कि पब्लिक स्पीकिंग मे वाईस मॉड्यूल का एक महत्वपूर्ण स्थान है साथ ही महिला-पुरुष अगर पब्लिक मे बोलने जा रहे हे तो उनका कपड़े पहनने का सलिका कैसा हो, स्टेज फियर कैसे कम करे और जो स्पीच देने जा रहे है उसका कन्टेन्ट कितना सटीक हो साथ ही किस आयु की पब्लिक को हम स्पीच दे रहे है उसका पता होना भी एक महत्वपूर्ण बात है। उन्होंने फिल्म धाकड एंव रंग दे वसंती का उदाहरण तथा उसकी छोटी छोटी क्लिपिंग के माध्यम से बताया कि बोलचाल मे कहा ठहराव आवश्यक है और कहा कितनी आवाज मे बात करनी है साथ ही ग्रुप के सदस्यो के साथ एक्टिविटी के माध्यम से स्टोरी टेलिंग करवाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष जेसी लक्ष्मण शर्मा मेन्टोर जेसी अंजली वत्रा एंव संस्था के अध्यक्ष जेसी विवेक खण्डेलवाल, सचिव जेसी कपिल मुदगल, निवर्तमान अध्यक्ष एवं मण्डल निर्देशक प्रबंध जेसी विजेता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष जेसी मेघा खण्डेलवाल, जेसी रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष जेसी आनंद मिश्रा, जेसी चित्रांशी एंव 25 जेसी सदस्य उपस्तिथ थे ।

### सीबीआई अफसर बनकर लूटपाट करने वाले 5 गिरफ्तार,ऐसे जमाते थे धौंस

**भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर सीबीआई अफसर बनकर लूटपाट करने वाले पांच बदमाशों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश दिल्ली के प्रसिद्ध आभूषण मार्केट करोलबाग में सोना और हीरा के बड़े-बड़े कारोबारियों से सीबीआई अधिकारी बनकर उन्हें डरा-धमकाकर लूटपाट करते थे। आरोपी इतने शातिर हैं कि उन्होंने सीबीआई का फर्जी आईकार्ड भी बनवाकर रखा हुआ था। इसी आईकार्ड को दिखाकर वे लोगों पर अपनी धौंस जमाते थे और डरा कर उनसे वसूली करते थे। गिरफ्तार किये गए आरोपियों के पर मध्य प्रदेश में भी लूटपाट सहित कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मुख्य रूप से मोहम्मद अली, मोहम्मद काबिल, अनवर अली, शौकत अली जाफरी, मुख्तियार हुसैन हैं।बताया जा रहा है कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि 27 जून को दिल्ली के करोल बाग इलाके में कुछ लोगों ने सोना व्यापारी से सीबीआई अफसर बनकर सोने के गहने छीने थे। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। जिसमें पुलिस को 5 व्यक्ति संदिग्ध दिखे। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी के चार आरोपी भागने की फिराक में थे जिन्हें पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए सभी पांचो आरोपी मूलत÷ ईरानी मूल के रहने वाले हैं। सभी लोग राजधानी भोपाल में ईरानी मोहल्ले में रहते हैं। इन पांचों में से दो आरोपी अनवर अली और शौकत अली रेल्वे स्टेशन पर फेरीवाले बनकर पॉकेट पिकिंग का काम करते थे। जिसके बाद उन्होने खुद का एक गैंग बनाया और उन्होने लूटपाट का यह अनूठा रास्ता अपनाया। उन्होने नकली सीबीआई बनकर आभूषणों की चोरी का रास्ता अपनाया। वे अच्छा दिखने के लिए और खुद को फिट रखने के लिए जिम जाते थे और हाई प्रोटीन आहार लेते थे। वे अलग-अलग राज्यों में प्रसिद्ध आभूषण मार्केट का पता लगाते थे और वहां की पूरी जानकारी जुटाते थे और फिर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। सभी आरोपी 25 से अधिक मामलों में शामिल हैं और 10 से अधिक मामलों में अपराधी घोषित किए गए हैं। इनके खिलाफ पश्चिम बंगाल, दिल्ली, यूपी आदि में मामले दर्ज हैं।

# प्रदेश के किसानों के साथ झूठ बोलकर सरकार बनाने वाले कमलनाथ को अब याद आ रही है बाढ़ आपदा पीड़ितों की : ओपीएस भदौरिया

**(पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचना नाटक, प्रदेश की शिवराज सरकार और भाजपा कार्यकर्ता जुटे हैं राहत कार्यों में)**

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा प्राकृतिक आपदा से बाढ़ पीड़ित के बीच जाना नाटक और नौटंकी है मध्य प्रदेश की जनता उनके झूठ को लेकर जिस तरह कोविड-19 किसानों से कर्ज माफी झूठ बोलकर उनके साथ मजाक किया जिस पर पलटवार करते हुए कहा उन्होंने सन 2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश के गरीब मजदूर किसानों को विकास का झूठा फंसा देकर कांग्रेस की सरकार बनाई थी उनके शासनकाल में ना तो कोई किसान का कर्जा माफ हुआ और ना ही किसानों के विकास की योजना बनी मात्र उनको झूठा भ्रमित करने का कार्य किया गया आज उन्हें बाढ़ पीड़ितों की कैसे याद आ गईद्य

राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि 15 माह से जब तुम्हारी कांग्रेस की सरकार में किसान गरीब मजदूर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब तबके लोग विकास के लिए तड़पते रहे और वही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के इशारे पर कार्य करते रहे आप और आप के मंत्री कांग्रेस के नेता प्रदेश की जनता को लूटते रहे और भ्रष्टाचार में लगे रहे आपका पूरा समय मध्यप्रदेश में ना होता हुआ मात्र छिंदवाड़ा तक रह गए प्रदेश का किसान कर्ज माफी के लिए दर-दर की ठोकरें खाने लगा उन 15 महीनों में आपको किसानों की आपदा की याद नहीं आई कि किस तरह किसान प्राकृतिक आपदा से चाहे वह बाढ़ पीड़ित हो चाहे सुख हो चाहे वह ओलावृष्टि हो लेकिन आप उनके बीच 15 माह में नहीं पहुंचे 7




राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि गरीब किसान और मजदूरों की चिंता भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही कर सकते हैं जिन्होंने प्रदेश से लेकर ग्वालियर चंबल संभाग जोकि आज बाढ़ की आपदा से संकट की खजूरी से गुजर रहा है उनकी चिंता उन्होंने की रात एक दिन पीड़ित परिवार जनों के लिए जो सरकार कर रही है वह योजनाएं उन तक पहुंच रही हैं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी इस संकट की घड़ी में राजनीति नहीं करें और शिवराज सरकार का साथ राहत कार्यों में करें क्योंकि किसान आपकी झूठ को समझ चुका है द्य

राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 80 करोड़ जनता को मुफ्त में राशन दिया है वह भी कांग्रेस के नेताओं को बच नहीं पा रही है उस पर भी झूठी राजनीत कर गरीबों को भड़काने का काम कर रहे हैं 7 उन्होंने कहा मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं कि देश की स्वतंत्रता से केंद्र और राज्यों में कांग्रेस की सरकार है नहीं उन्होंने कभी मुफत में गरीबों को राशन नहीं दिया जब भाव प्रधानमंत्री मोदी जी के मन में जागृत हुआ तो कांग्रेस की संस्कृति में और उनके डीएनए में हमेशा झूठ बोलने की आदत रही है, उन्होंने कहा कि इस पर भी वह राजनीति ना करें देश का गरीब आज किस संकट की घड़ी से कोविड-19 जैसे काल से गुजर रहा है और पीएम मोदी जी ने निर्णय लिया है कि दिवाली तक मुफत में उन्हें अनाज दिया जाएगा कांग्रेस नेताओं को उस में सहयोग करना चाहिए बल्कि राजनीति नहीं ।

## रक्तदान और गौसेवा कर मनाएं जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ- गौपुत्र प्रकाश राठौड़

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरु-दोनरडी में जन्मे ऐसे रक्तवीर जो रक्तमित्र के नाम से जाने जाते है। वीरो की धरती राजस्थान के पाली जिले के सोजत तहसील के दोरनडी गांव में जन्मे गौपुत्र प्रकाश राठौड़ के नाम से जाने जाते है। गौपुत्र राठौड़ 2016 से ही समाजसेवा, गौसेवा में रंग गए थे। और हाल में अपनी कर्मभूमि बैगलोर में कपडे की दुकान पर नौकरी कर रहे है। इसके साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को सम्पूर्ण भारत में रक्त की आपूर्ति करवाते है। रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट, मैसूरू बैंगलोर के राष्ट्रीय संस्थापक भी है। तीन वर्ष पूर्व संगठन की स्थापना कर्नाटक के मैसूरू में की। अब तक सात हजार से ज्यादा जरुरतमंदो को रक्त और प्लाज्मा उपलब्ध करवा चुके है। खुद



गौपुत्र राठौड़ ने 5 बार रक्तदान कर चुके हैं।

बैंगलोर के होसुर मार्ग स्थित नारायण हृदयालय अस्पताल में भर्ती कोटा, राजस्थान से आए मरीज रेखा अग्रवाल, कोलकाता से आए मरीज तुतुल दास, व महाराष्ट्र से आए मरीज ट्विंकल के ऑपरेशन के लिए 18 यूनिट ब्लड की सूचना राठौड़ को मिली। राठौड़ ने तुरंत संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया से संपर्क साधा। व रक्त का इंतजाम में जुट गए। देवेन्द्र ने बैंगलोर के रक्त संयोजक अमित दक से इन तीन इमरजेंसी केस के बारे में विचार विमर्श कर रक्त की व्यवस्था में जुट गए। काफी प्रयास के बाद 18 यूनिट व्यवस्था हुई।

राठौड़ का मानना है कि सम्पूर्ण भारत में रक्त की कमी के कारण किसी को कोई परेशानी नही होनी चाहिए। सबको रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। अपने विशेष दिन जन्मदिन या शादी की वर्षगांठ पर रक्तदान अवश्य करें होटल में जाके व्यर्थ में पैसा खर्च ना करे। ब्लड बैंक जाकर रक्तदान करे और किसी गौशाला में गौमाता को हरा चारा गुड़ और लापसी खिलाकर मनाये।

## ग्राम खेड़ा नूह में हुई दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



एटा ग्राम पंचायत खेडा नूह पर 1600 मीटर की दौड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिससे मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण दिवाकर (सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी लोहिया वाहिनी,समाजबादी पार्टी के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया प्रतियोगिता का आयोजन ,अनिल माथुर , गौरव शर्मा, मोहित प्रजापति, गौरव राजपूत, सचिन गौतम , अरुण गौतम,द्वारा कराया गया प्रथम विजेता बच्चा निवासी हाथरस को साइकिल व द्वितीय विजेता को पंखा व तृतीय विजेता को प्रेस पुरस्कार में दी गई एवं नूह खेडा निवासी राम जी यादव द्वारा परिणाम घोषित किया गया इस मौके पर पप्पू यादव , मदन यादव, कुलदीप, मोनू, हरेंद्र, सुमित, अंकित, विवेक आदि उपस्थिति रहे!

**फ्री फ़ायर गेम की आईडी खरीदने के लिए**

## 18 वर्ष के युवक ने की आठ लाख रुपये को मांग, पुलिस ने धर दबोचा

**अर्पित गुप्ता, पुष्पांजली टुडे**



दबोह भिण्ड जिले के दबोह नगर में वार्ड क्रमांक 11 में रहने बाले रामेश्वर दयाल पुत्र ग्याप्रसाद शर्मा से अज्ञात युवक ने आठ लाख रुपये की मांग कर डाली।नही देने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली।जिसकी जानकारी रामेश्वर दयाल पुत्र ग्याप्रसाद शर्मा ने थाने दी बताया उन्होंने बताया कि रविवार को मैं घर पर था तभी कोई अज्ञात व्यक्ति आया और मेरे सामने एक पत्र फेंक गया जिसे खोलकर पढ़ा तो ज्ञात हुआ कि उसने अपना फोन नम्बर 9770918855 लिखा एवम इस नम्बर पर तुरन्त फोन करो नहीं तो तुम बहुत कुछ खो दोगे फिर मेरी बहु के नम्बर पर धमकी भरा टैक्स मेसेग आया जिसमें मेरे परिवार को जान से मारने धमकी दी।फिर दिनांक 09 अगस्त 2021 को सुबह फोन आया और बोला कि मेरे नम्बर पर आठ लाख रुपये डाल दो नहीं तो 12 बजे तक जान से मार देंगे।जिसकी जांच पड़ताल कर दबोह पुलिस ने धारा 507 अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।जिसके बाद दबोह पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी सुरेंद्र कुशवाह को दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम अमाहा से गिरफ्तार किया गया।पुलिस उसके कब्जे से मोबाईल जप्त किया गया पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने दो साथी और सम्मिलित होना बताया है।जिन्होंने यह प्लान बनाया था फ्री फायर गेम की आईडी खरीदना था जिसमे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है विवेचना की जा रही है।सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद साहू के साथ ए.एस.आई अवनीश शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, महेन्द उचाडिया, प्रधान आरक्षक कमलेश,अशोक यादव, अभिषेक चौहान,राजू यादव, अभिषेक यादव आदि की आहिम भूमिका रही।

## बाढ प्रभावित ग्रामों में नगरीय निकायों के द्वारा साफ-सफाई

### फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिडकाव जारी'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में बाढ प्रभावित ग्रामों में गंदगी और पानी में पनपकर लोगों में बीमारियां फैला रहे जानलेवा मच्छरों के खिलाफ नगरीय निकायों के द्वारा मलबा की साफ-सफाई, दवाईयों का छिडकाव, मच्छर का प्रकोप न बढ़े इस हेतु फोगिंग कराना, मृत पशु यदि हो तो उनका निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा मेहगांव के अमायन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामों में बाढ़ का पानी निकलने पर मलेरिया आदि रोगों से बचाव हेतु फॉगिंग एवं



एंटी लार्वा का छिड़काव नगरीय निकायों के माध्यम से किया जा रहा है। नगर पालिका भिण्ड के द्वारा अटेर के बाढ़ प्रभावित ग्राम मुकुटपुरा का रास्ता साफ कराया जा रहा है तथा बाढ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कराई जा रही है एवं फिनायल व पावडर डाला जा रहा है। नगरीय निकायों के द्वारा बाढ प्रभावित ग्रामों में मलबा की साफ-सफाई, दवाईयों का छिडकाव, मच्छर का प्रकोप न बढ़े इस हेतु फॉगिंग कराना, मृत पशु यदि हो तो उनका निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणजनों को बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया गया एवं ग्रामीणजनों को बीमारियों से बचाव के लिए अन्य जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## जल भराव की समस्या को लेकर नपा सी एम ओ को दिया ज्ञापन

**समस्या का निराकरण न होने पर धरना प्रदर्शन करेंगे**

**उमाकान्त शर्मा**

दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड

भिण्ड।नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 व 11में जल निकासी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने नपा सी एम ओ को ज्ञापन देकर कहा कि वार्ड में जल निकासी की समस्या से वार्डवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष राजेश शाक्य ने ज्ञापन देकर मांग की कि वार्ड क्रमांक 10 में कवीर नगर व वार्ड



क्रमांक 11 में रेखा नगर,महावीर नगर में बरसात का पानी की भरा हुआ है जो नालियों के बंद होने से निकल नहीं पा रहा है जिसकी वजह से सड़क पूर्ण रूप से खराब हो चुकी है लोगों को निकलने में परेशानियां होती है कीचड़ अधिक हो गया है तथा कूड़ा कर्कट भी जमा हो रहा है।जिसकी शीघ्र साफ सफाई करवाई जाए।

उक्त समस्या का समाधान जल्दी नहीं किया गया तो पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष राजेश शाक्य,पूरन रावत, सौरभ रावत, प्रदीप, कृष्णा, विपिन साहब, राकेश, हिरदेश खटीक, सूरज खटीक, कृपाराम शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## बालराई कोराना टीकाकरण सत्र आयोजित कर प्राथमिकता से किया टीकाकरण

**रानी पाली।**

रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालराई के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खूनी का गुड़ा ।एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालराई। कोराना टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी रानी के आदेश के अनुसार रानी ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर कोविड महामारी बचाव उपचार कोविड-19 टीकाकरण अभियान 2021 कोराना टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। रानी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बालराई 18+प्रथम और दूसरे डोज का कोराना टीका लगाने के लिए शिविर आयोजित किया गया । जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर कोराना टीकाकरण अभियान के तहत तेजी लाने के लिए संपूर्ण प्रयास करते हुए लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करके कोराना के टीके



लगवाए गए। । खूनी गुड़ा टीकाकरण सत्र के दौरान इस बार सबसे ज्यादा लोगों में उत्साह देखने को मिला लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहकर कोराना वैक्सीन टीके के लगाने का इंतजार करके कोराना टीके लगवाए गए। ग्राम पंचायत के अंतर्गत दो स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया । खूनी गुड़ा 130 बालराई 100 लोगो को प्रथम और दूसरे डोज की कोराना खुराक दी गई ।

इस दौरान एएनएम ललिता कवर। ए एन एम कंचन सालवी। सी एच ओ सुरेश लागेशा। सरपंच केसाराम कुमावत ।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ।स्वास्थ्य कर्मी। अध्यापक ।सहित समाजसेवी रमेश कुमार सीरवी मौजूद रहे।

## वन-टू-वन

### नवविवाहिता फांसी पर झूली

**ग्वालियर।** शहर के माधव गंज थाना क्षेत्र में स्थित इंद्रलोक गार्डन के पीछे रहने वाली एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के अन्य लोग गार्डन के पीछे न्यू पाएगा गुडा गुड़ी निवासी भगवती 23 वर्ष पत्नी सत्येंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।जब महिला की बच्ची के रोने की आवाज परिजनों ने सुनी तो वह कमरे में पहुंचे वहां जाकर देखा तो महिला का शव फांसी पर लटका हुआ था ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतका का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल ने दम तोड़ा

**ग्वालियर।** शहर के हजीरा इलाके में बीते रोज सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोसपुरा निवासी नंदकिशोर पटेल 35 वर्ष बीते रोज हजीरा क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हो गए थे ।उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई ।पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो दुकानों से हजारों का माल चोरी

**ग्वालियर।** शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित लक्ष्मी गंज में चोर दो दुकानों के ताले चटका कर नगदी तथा मशीनें चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज इलाके में नरेंद्र सिंह और मोहन भिलवार की दुकान है। बीती रात चोरों ने उनकी दुकानों के ताले चटका दिए और वहां से 22 हजार की नगदी तथा मशीनें चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### छात्रा ने जहर खाया

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित शंकरपुर में एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाने के शंकर पुर निवासी निशा पुत्री उदय भान ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**ग्वालियर।** अदालत ने हत्या के एक पांच साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। युवक ने शहर के सिटी थाने से सटे एक घर में रहने वाले वृद्ध की गले में धारदार हथियार से वार कर हत्या की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डबरा सिटी थाना परिसर की बिल्डिंग से सटे एक घर में हरीराम गुप्ता अपनी पत्नी के साथ रहते थे। 13 सितंबर 2015 को को सुबह 10 से 12 बजे के बीच में गजापुर में रहने वाले त्रिलोक सिंह गुर्जर ने जमीनी विवाद और रुपयों के लेन-देन के विवाद के चलते उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी थी। जिससे उनकी मौत हो गई थी। जांच के बाद इस मामले में सिटी थाना पुलिस ने त्रिलोक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। इस मामले मे तथ्यों और गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुशीन कुमार ने आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### ग्वालियर में चाचा की शर्मसार हरकत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक 15 साल की छात्रा के साथ रिश्ते में उसके चाचा ने ही दुष्कर्म का प्रयास किया है। मां-पिता की अनुपस्थिति में यह दूर का चाचा घर आया। बच्ची को अकेला पाकर वहीं बैठ गया। इसके बाद छात्रा को जेब से 100 रुपए चॉकलेट के लिए दिए। जब छात्रा रुपए लेने पास आई तो उसे पकड़ लिया। इसके बाद भतीजी के शरीर को जगह-जगह टच करने लगा। भतीजी ने विरोध किया तो उसे जबरदस्ती खींचकर अंदर रूम में ले जाने लगा। इसी समय बच्ची ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# बिजली कर्मचारियों की मोबाइल बंद हड़ताल

### ऊर्जामंत्री के गढ़ में फॉल्ट से जुड़ी कंप्लेंट तो आई पर सुनी नहीं गई, लोग हुए परेशान, एक दिन की हड़ताल पर रहे बिजली कर्मचारी





**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के गढ़ में बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने एक दिन की मोबाइल बंद हड़ताल की है। मंगलवार को 700 इंजीनियर और कर्मचारियों के मोबाइल बंद रहे और 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहे। मध्य प्रदेश में विद्युत कंपनियों के निजीकरण और अन्य 18 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी हड़ताल पर रहे हैं। ग्वालियर में हड़ताल का व्यापक असर रहा है। दिन भर फॉल्ट से जुड़ी कंप्लेंट आती रहीं, लेकिन इन शिकायतों को सुना नहीं गया। जिस कारण लोग परेशान होते नजर आए। इतना ही नहीं बिजली कर्मचारियों ने कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किए। हड़ताल की वजह से रेवन्यू से जुड़े सारे काम भी ठप हो गए हैं। बिजली बिल काउंटर सूने रहे, जबकि बिलों की वसूली, कनेक्शन काटने या जोड़ने जैसे काम भी नहीं हुए हैं। हालांकि, इमरजेंसी सेवाएं जारी रखी गई हैं।

सरकार और बिजलीकर्मियों से जुड़े संगठनों के बीच भोपाल में सोमवार शाम को हुई बातचीत असफल रहने के बाद मंगलवार सुबह से ही प्रदेश स्तर पर बिजली कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान यूनाइटेड फोरम के प्रतिनिधि मंडल ने कर दिया था। मंगलवार को जिसका व्यापक असर ग्वालियर सहित अन्य शहरों में देखने को मिला। पहली बार मोबाइल बंद हड़ताल की गई है। जिससे किसी प्रकार की कंप्लेंट अटेंड ही न की जाए और न ही अधिकारी उन पर काम का दवाब बना सके। यूनाइटेड फोरम के रीजनल संगठन सचिव विद्याकांत मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इंजीनियर व कर्मचारियों की यह हड़ताल अपनी 18 सूत्रीय मांगों एवं निजीकरण के विरोध में की जा रही है।

**काउंटर पर न बिल हुए जमा न सुनी शिकायतें:** ग्वालियर शहर में बिजली कंपनी के 20 जोन हैं। इसके अलावा सब स्टेशन भी है। जहां पर कर्मचारी और इंजीनियर तैनात रहते हैं। सभी मोबाइलबंद कर हड़ताल पर रहे और आमजनों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। बिजलीघरों से लेकर जोन दफ्तर तक न तो बिजली के बिल जमा किए गए न ही अन्य कोई काम किया। इस कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा।

**ये काम भी हुए प्रभावित:** शहर में शाम तक फॉल्ट व बिजली से जुड़ी अन्य करीब 500 से ज्यादा शिकायतें आ चुकी थीं, लेकिन उन्हें सुधारने वाला कोई नहीं था। दफ्तरों में बिल जमा करना हो या बकाया राशि की वसूली, ये काम भी प्रभावित रहे। बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी नहीं हुई है।

### इमरजेंसी सेवाएं जारी

उप केंद्र और पॉवर हाउस में शिफ्ट की ड्यूटी यथावत है। फ्यूज ऑफ कॉल सेवाएं बंद है, लेकिन सरकारी अस्पताल समेत इमरजेंसी सेवाएं जारी है।

### वेद पाठशाला का ग्वालियर में हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर।** ग्वालियर में विश्व वेद संस्थान के सौजन्य से वेद पाठशाला का शुभारंभ हुआ। नगर के प्रबुद्ध एवं सनातन संस्कृति प्रेमी जनों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में क्षेत्र के सुप्रतिष्ठित वैदिक विद्वान् आचार्य श्री बालकृष्ण भारद्वाज की विशिष्ठ आतिथ्य में स्वामीश्रीसत्यमित्रानंद गिरि वेदपाठशाला का शुभारम्भ गरिमामयी समारोह में हुआ। इस वेद पाठशाला में आचार्य श्री वैभव पाराशरी के अध्यापकत्त्व में दस वैदिक बटुकों को शिक्षित किया जाएगा। समारोह के आरम्भ में प्रथम आदिशंकराचार्य, ब्रह्मलीन श्री स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि एवं भगवान् श्रीरामजी के तैल चित्र तथा विद्या की अधिष्ठातृ देवी सरस्वती के विग्रह का दीप प्रज्जवलन के साथ पूजन किया गया। ब्रह्मलीन श्री स्वामी ब्रह्ममित्रानंद गिरि जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विश्व वेद संस्थान के अधिकारी,विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रिय सहमंत्री श्री हरिशंकर ने वेदविद्या,एवं भारतीय वैदिक परम्परा के सम्बंध में अपने गहन चिंतन पूर्वक विचार व्यक्त किये।

# रात में हंसी-खुशी ली सेल्फी सुबह फांसी लगा ली



**ग्वालियर।** ग्वालियर में 8 महीने की बच्ची को रोता छोड़कर एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने एक दिन पहले ही परिवार के साथ सेल्फी ली थी। फांसी भी पति की पसंदीदा साड़ी के बॉर्डर को निकालकर बनाए गए फंदे से लगाई है। जब बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो घटना का पता लगा। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस टिन का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। महिला ने पति और 8 महीने की बच्ची के साथ मौत से एक रोज पहले ही जिंदगी की आखिरी सेल्फी ली थी। पति का कहना है कि हम तो बहुत खुश थे, उसने यह कदम क्यों उठा लिया उसे भी समझ नहीं आ रहा है।

शहर के माधवगंज स्थित इंद्रलोक गार्डन के पीछे न्यू पायगा गुढ़ा-गुढ़ी का नाका निवासी भागवती (23) पत्नी सत्येन्द्र कुशवाह की शादी ढाई साल पहले हुई थी। दोनों की 8 महीने की एक बेटी है। मंगलवार को पति के काम पर जाते ही साड़ी के बॉर्डर पर लगे गोटा-चांदी को निकालकर भागवती ने फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिस समय विवाहिता ने फांसी लगाई उस समय उसकी 8 महीने की बच्ची उसी कमरे में थी।

### बच्ची रोई तब चला घटना का पता

घटना का पता उस समय चला जब काफी देर से रो रही बच्ची की आवाज पड़ोसियों ने सुनी। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन काफी देर बाद भी अंदर से कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों ने सत्येन्द्र को सूचना दी। साथ ही पुलिस को भी बताया। सूचना मिलते ही सत्येन्द्र पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर महिला फांसी पर लटकी मिली है। पास ही बच्ची रो रही थी। पुलिस ने जांच के बाद पड़ताल के बाद मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस को भी खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चला है।

### नहीं हुआ कभी कोई विवाद

मृतका के पति ने पुलिस अफसरों को बताया कि शादी के बाद से वह काफी हंसी-खुशी जिंदगी जी रहे थे। उनके बीच कभी भी किसी बात पर कोई विवाद नहीं हुआ है। बल्कि एक रोज पहले ही उन्होंने अपनी हैपी फैमिली की सेल्फी तक निकाली है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478